




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22


# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच







वर्ष- 14 अंक - 281 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 24 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-



**आवश्यकता है**

**मीडिया हाउस**

में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय/गर्ल की जरूरत है।

8 से 10 हजार रुपए तक वेतन

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659


# 15 करोड़ के घोटाले का आरोपी प्रीतपाल बेलचंदन गिरफ्तार

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के थे अध्यक्ष, 2 साल से थे फरार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई** । दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलंचदन को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। करीब 15 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोपी प्रीतपाल बेलचंदन दो साल से फरार था। एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रीतपाल ने अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद से वे फरार चल रहे थे। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलंचदन पर अपने कार्यकाल के दौरान भारी आर्थिक अनियमितताओं का आरोप लगा था। प्रीतपाल बेलचंदन व उनक संचालक मंडल के सदस्यों पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर योजनाएं लागू करने व इससे बैंक को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा था। प्रीतपाल बेलचंदन ने इस तरह लगभग 15 करोड़ रुपए का घोटाला किया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने प्रीतपाल बेलचंदन के खिलाफ धारा 409, 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज किया था । इसके बाद से ही वे फरार थे जिन्हें आज गिरफ्तार कर लिया गया।

### जांच में खुला था मामला

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन 15 करोड़ के घोटाले का आरोप लगने के बाद जिला प्रशासन द्वारा टीम बनाकर जांच कराई गई थी। जांच में यह सामने आया कि बैंक में अपनी पदस्थापना के दौरान प्रीतपाल बेलंचदन एवं निर्वाचित सदस्यों द्वारा लाखों की योजनाओं को लागू किया जो बैंक के अधिकार क्षेत्र से बाहर थे। इस दौरान 12 जून 2015 से 11 जून 2020 और आठ अप्रैल 2014 से 12 मई 2020 के मध्य 234 प्रकरणों में 1313.50 लाख रुपए अनुदान राशि जारी की। 5 अगस्त 2016 से 12 जून 2019 तक की एकमुश्त समझौता योजना के 186 प्रकरणों में छूट प्रदान कर 175.61 लाख रुपए बांट दिए। इस तरह 1489.11 लाख रुपए की योजनाओं को बैंक के अधिकार क्षेत्र से बाहार जाकर लागू किया।

### नहीं ली थी पंजीयक कार्यालय से अनुमति

खास बात यह है कि इसके लिए पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ से किसी भी तरह की अनुमति नहीं ली गई। इसके कारण बैंक को बड़ी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी थी। इस मामले में आरोपी सिद्ध होने के बाद प्रीतपाल बेलचंदन पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया। अपराध दर्ज होने के बाद प्रीतपाल बेलचंदन ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में आवेदन किया था। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद से वे लगातार फरार चल रहे थे जिन्हें आज गिरफ्तार कर लिया गया।



## मणिपुर हिंसा का विरोध, सर्व आदिवासी समाज ने किया बस्तर बंद, व्यापारियों ने समर्थन में बंद रखी दुकानें

**बस्तर।** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने सोमवार को नगर बंद का आव्हान किया था, जिसे लेकर व्यापारियों से लेकर आमजनों तक ने अपनी दुकानें बंद रखते हुए नगर बद का समर्थन दिया है। प्रकाश ठाकुर संभागीय अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ने बताया कि आदिवासी महिलाओं के साथ हुए अत्याचार और शारीरिक हिंसा की खिलाफत करते हुए आदिवासी समाज के लोगों ने जमकर नारेबाजी की और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरा। लंबा समय बीत जाने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई न होने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। वहां महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

महिला प्रभाग अध्यक्ष रुक्मणी कर्मा ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों को सजा देने की मांग की है, वही इस बंद के साथ ही आदिवासी समाज ने आरोपियों के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि नगर बंद से दो दिन पहले भी आदिवासी समाज के द्वारा कैंडल मार्च निकाल कर आरोपियों को सजा दिलाने पैदल नयापारा से होते हुए सिरहासार चौक स्थित अमर जवान में जाकर कैंडल जलाकर अपनी मांग रखी थी।

## खास - खबर



### सुप्रीम फैसलाः ज्ञानवापी सर्वे पर 26 जुलाई तक लगाई रोक, मुस्लिम पक्ष को हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई के सर्वे पर 26 जुलाई तक रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि मस्जिद में कोई तोड़फोड़ नहीं होनी चाहिए। इस पर उत्तर प्रदेश सरकार की तरफसे पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एएसआई के आज के सर्वे के दौरान कोई तोड़फोड़ नहीं की गई है और ना ही इसकी कोई योजना है। अभी सिर्फसर्वे में मस्जिद की नपाई का काम किया जा रहा है। वहीं मुस्लिम पक्ष ने सर्वे के काम को दो-तीन दिन टालने की मांग की है।

### तेजी से फैल रहा आई फ्लू, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 17 बच्चे फ्लू के चपेट में

**बालोद।** बालोद जिले के डौडी ब्लॉक क्षेत्र में आई फ्लू बड़ी तेजी से फैल रहा है। आदिवासी विकासखंड डौंडी अंतर्गत संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लगभग 17 बच्चे कंजंक्टिवाइटिस इंफेक्शन यानी आंख के इंफेक्शन का शिकार हो गए हैं। सभी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी में उपचार करवाकर कैंपस के अंदर अलग कैंप में रखा गया है।

वर्तमान समय में ये आई फ्लू की यह बीमारी पूरे छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले और डौंडी ब्लॉक में बड़ी तेजी से फैल रही है। हालांकि इस बीमारी से मरीजों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है किंतु इसके फैलने की तेज रफ्तार से भय का माहौल है। इस संक्रमण से आंखों में खुजली, जलन और आंखों से पानी आता रहता और आंखे सूज जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय ठाकुर ने बताया कि मौसम के बदलने और हवा में नमी के कारण ये रोग पनपता है, और सामान्यत सात से पंद्रह दिन के भीतर संक्रमित व्यक्ति पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जाता है। इस रोग से घबराने की आवश्यकता नहीं है। सिर्फ सावधानी और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर इस संक्रमण को बढ़ने से रोका जा सकता है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विद्यालय परिसर में शिविर लगाकर दूसरे बच्चों का चेकअप किया गया। बच्चों की आंखों में इंफेक्शन की समस्या बीती रात से पाई गई है, जिसके चलते आंखों में जलन-खुजली और लगातार आंख से आंसू बह रहे हैं। इस पूरे मामले में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बताया कि बच्चों की आंखों मे इंफेक्शन हुआ है। एकलव्य परिसर में स्वास्थ्य कैंप लगाकर बच्चों का इलाज किया जा रहा है। बच्चों की पूरी तरह से देखरेख की जा रही है।

# ज्यादा सीटें जीतने के फेर में कहीं अपना नुकसान न करवा बैठे भाजपा

- 70 फीसदी टिकट नए चेहरों को, शाह के संकेतों से भाजपा में नाराजगी फैलने का खतरा

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर रायपुर पहुंचे। इस बार उन्होंने चुनाव को लेकर अपने सारे पत्ते खोल दिए। राज्य के सीनियर नेताओं को हिदायत दी कि यदि हालात दुरूस्त नहीं है तो उसे दुरूस्त किया जाए। उन्होंने सभी 90 सीटों की समीक्षा की और चुनाव के लिए एक एजेंडा भी तय किया। पिछली बार जो टास्क दे गए थे, उसकी रिपोर्ट पर चर्चा के बाद शाह ने स्पष्ट संकेत दिया कि इस बार करीब 70 फीसद नए चेहरों को टिकट दी जा सकती है। गृहमंत्री के इन संकेतों से प्रदेशभर में टिकट की प्रत्याशा में बैठे सीनियर नेताओं में नाराजगी फैलने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि इस नाराजगी के शमन की जिम्मेदारी भी स्वयं शाह पर है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए शनिवार शाम को रायपुर पहुंचे। शाह ने भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर कई मुद्दों पर चर्चा की। जानकारी के अनुसार, अमित शाह ने चुनाव के लिए पार्टी का एजेंडा तय कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, अमित शाह ने सभी 90 विधानसभा सीटों की समीक्षा की है। इस दौरान शाह ने उन नेताओं से भी मुलाकात कर फीडबैक लिया। जिन्हें शाह ने पुरानी बैठक में



स्पेशल टॉस्क दिया था। अमित शाह ने प्रदेश के चुनाव प्रभारी ओम माथुर की रिपोर्ट के आधार पर सभी 90 विधानसभा सीटों के सियासी समीकरण की जानकारी ली।

### संभाली कमान, सीटों का किया विश्लेषण

जानकारी के अनुसार, अमित शाह ने बैठक में सबसे पहले नेताओं को दिए गए टास्क की समीक्षा की। इसके बाद घोषणा पत्र समिति के कार्यों पर चर्चा की। इस बैठक में प्रदेश चुनाव सह प्रभारी मनसुख मंडाविया, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय महामंत्री अजय जम्बाल, पूर्व सीएम रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, विजय बघेल, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, धरमलाल कौशिक और रामविचार नेताम मौजूद थे। शाह ने छत्तीसगढ़ की सत्ता में वापसी के लिए छोटे दलों को अपने साथ जोड़ने पर विशेष जोर दिया। शाह ने कहा कि उन छोटे राजनीतिक दलों और संगठनों को बीजेपी के साथ जोड़ा जाए जो प्रदेश की राजनीति में अच्छा प्रभाव रखते हैं। शाह ने नेताओं के साथ करीब 15 से 20 बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक से जुड़ी जानकारी के अनुसार, अमित शाह ने मौजूदा विधायकों की सक्रियता, नए चेहरों को टिकट देने, 2018 में बीजेपी जिन सीटों पर कम मार्जिन से हारी थी उन सीटों की विश्लेषण समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जानकारों का कहना है कि राज्य की सत्ता में वापसी के लिए अमित शाह ने खुद कमान संभाल ली है। बता दें कि प्रदेश में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। 2018 में बीजेपी को करारी हार की सामना करना पड़ा था। इससे पहले लगातार 15 सालों तक राज्य में बीजेपी की सरकार थी।

जानकारी के अनुसार शाह ने सबसे पहले कोर ग्रुप की बैठक ली। इसके बाद अन्य प्रमुख नेताओं की अलग से बैठक ली। इस दौरान स्थानीय नेताओं ने अपनी एक रिपोर्ट तैयार कर रखी थी, जिसे शाह को सौंपा गया। इस रिपोर्ट में प्रदेश में अब तक के बड़े कार्यक्रमों की जानकारी तैयार की गई थी। बैठक में आगामी चुनावों में पार्टी की स्थिति को लेकर भी चर्चा की गई। शाह ने करीब 15 से 20 बिंदुओं पर प्रदेश के नेताओं से चर्चा की। प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों भाजपा की स्थिति और वहां के सियासी हाल की रिपोर्ट तैयार करने के लिए शाह ने पिछली बाद में टास्क दिए थे। इसकी भी समीक्षा की गई। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के दावेदारों पर भी चर्चा की गई।

# कांगेर घाटी स्थापना दिवसः घाटी की बहुरंगी खूबसूरती से मंत्र-मुग्ध हो जाते हैं पर्यटक

- तीरथगढ़ में मनाया गया कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का स्थापना दिवस
- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान फैला है तीरथगढ़ जलप्रपात से कोलाब नदी तक

श्रीकंचनपथ न्यूज





**जगदलपुर।** बस्तर के सुप्रसिद्ध कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का स्थापना दिवस 22 जुलाई को तीरथगढ़ में मनाया गया। इस राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 22 जुलाई 1982 में की गई थी। इस अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के प्रबंधन एवं संरक्षण, इकोटूरिज्म में विशेष योगदान देने वाले इको-विकास समिति के सदस्य, जिप्सी सफारी संचालक, नेचर गाइड, मैना मित्र, मगर मित्र, पेट्रोलिंग गार्ड, मैदानी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएफ मोहम्मद शहीद ने आपने उद्बोधन में विभाग के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि कांगेर घाटी में आने वाले हर पर्यटक यहां की खूबसूरती से मंत्र-मुग्ध हो जाते है। साथ ही उन्होंने उद्यान में पर्यटकों द्वारा प्लॉस्टिक के इस्तेमाल को रोकने और जागरूक करने लोगों से अपील की।

कार्यक्रम में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गनवीर ने कहा कि सभी लोगों के सतत् प्रयास से ही घाटी को विश्व मानचित्र में स्थापित होने में नई दिशा मिल रही है, प्राकृतिक खूबसूरती, जैव विवधता और आदिवासी संस्कृति का अनूठा मेल है, जो देश और विदेश के पर्यटकों को लुभा रहा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरणविद डॉ. सतीश जैन, वरिष्ठ लेखक सुभाष पांडेय, रंगकर्मी शिव प्रकाश तथा अनिल लुंकड़, सरपंच श्रीमती महेश्वरी कश्यप एवं गागरा राम आदि उपस्थित थे।

गौरतलब है कि कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ के जगदलपुर जिला से मात्र 27 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रायपुर जिला से लगभग 330 किलोमीटर की दूरी पर है। यह उत्तर पश्चिम किनारे पर तीरथगढ़ जलप्रपात से प्रारंभ होकर पूर्व में ओड़िसा की सीमा कोलाब नदी तक फैला है। कांगेर नदी इसके बीचो-बीच इठलाती हुई चलती है।

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का नाम कांगेर नदी से निकला है, जो इसकी लंबाई में बहती है। कांगेर घाटी लगभग 200 वर्ग किलोमीटर में फैला है। तीरथगढ़ झरना कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। इसके साथ ही साथ केंजरधार और भैंसाधार मगरमच्छ पार्क के लिए लोकप्रिय पर्यटक स्थल हैं। पार्क की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद उठाने के लिए जिप्सी सफारी पर्यटकों के लिए उपलब्ध है।

# सांकल की पूरी ताकत उसकी सबसे कमजोर कड़ी

श्रीकंचनपथ




कोई भी सांकल, फिर चाहे वह कितना भी भारी भरकम क्यों न हो, उसकी पूरी ताकत उसकी सबसे कमजोर कड़ी जितनी होती है। जब भार पड़ता है तो यह कड़ी टूट जाती है। सनातन ग्रंथ रामायण में भी इस बात को रेखांकित किया गया था पर प्रवचनकारों ने इसे भुला दिया। रावण का वर्णन एक ऐसे राजा के रूप में किया गया है जो प्रकाण्ड पंडित था, प्रचण्ड शक्तिशाली था, जिसका शासन तीनों लोकों पर था। इसी रावण का पतन उसकी सबसे कमजोर कड़ी विभीषण के कारण हुआ। रावण की सेना में कुम्भकर्ण, मेघनाद जैसे योद्धा थे जो राम की पूरी सेना पर अकेले भारी पड़ सकते थे। पर यह विभीषण ही था जिसने बताया कि कुम्भकर्ण इस समय विश्राम काल में हैं। यदि उसे जबरदस्ती उठाकर युद्ध क्षेत्र में भेजा जा सकता है तो उसका अंत हो सकता है। श्रीराम ने इस जानकारी का फायदा उठाया। इसी तरह मेघनाद की तपस्या का भेद भी विभीषण ने खोल दिया और उसका भी अंत हो गया। स्वयं रावण की नाभि में अमृतकलश होने का भेद भी विभीषण ने ही खोला और रावण का अंत हो गया। इसके विपरीत श्रीराम की सेना में वन्यजीवों की ही बहुलता था। पर उन सभी को श्रीराम ने उनकी क्षमताओं से पहचाना और उन्हें इसके लिए भरपूर सम्मान भी दिया। नल-नील ने समुद्र पार जाने के लिए पुल का निर्माण कर दिया तो जाम्बवंत ने सेना का कुशल संचालन किया। कोई भी देश केवल उतना ही मजबूत होता है जितना कि उसका एक-एक नागरिक। हमारी आस्था भले ही श्रीराम में हो पर हमारा आचरण रावण की तरह होता जा रहा है। विभीषण के साथ रावण ने जो किया आज अधिकांश लोग वही कर रहे हैं। महाभारत युद्ध को ही लें तो यहां भी श्रीकृष्ण ने सारथी बनकर महाभारत युद्ध में पांडवों को विजयश्री दिलाई। पर यही सारथी आज प्रताड़ित और अपमानित है। रेलवे को ही लें तो वंदे भारत, राजधानी एक्सप्रेस, तेजस या फिर शताब्दी एक्सप्रेस की चर्चा होती है। ये ट्रेनें कितनी भी अच्छी हों, उनकी रफ्तार कुछ भी क्यों न हो, सुरक्षा का पूरा दारोमदार पटरियों और ट्रेन के सारथी याने की लोको पायलट पर ही है। बातें बुलेट ट्रेन की हो रही हैं और लोकोपायलटों की दिक्कतों की तरफकिसी का ध्यान नहीं है। हाल ही में हुए ट्रेन हादसों के बाद रेलवे ने खुद यह नियम बनाया था कि लोको पायलटों से 9 घंटे से ज्यादा की ड्यूटी नहीं ली जानी है। विशेष परिस्थितियों में ही उनसे दो अतिरिक्त घंटों की ड्यूटी ली जा सकती है। पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पर इसका कोई असर हुआ दिखाई नहीं पड़ता। यहां थके हुए लोको पायलटों को रिलीफमांगने पर चार्जशीट किया जा रहा है। हादसा होने पर भी इन्हीं को सूली पर चढ़ाया जाता है। लफ्फाजी से लोगों को खुश तो कर सकते हैं पर देश मजबूत नहीं हो सकता।




## संपादकीय

### अंतरिक्ष से संकेत

हमारा ब्रह्मांड रहस्यों का खजाना है। अब वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक ऐसी रहस्यमय वस्तु का पता लगाया है, जो पिछले तीन दशक से भी अधिक समय से हर 22 मिनट पर पृथ्वी पर रेडियो तरंगें भेज रही है। उस वस्तु या तारे या उपग्रह से ऊर्जा के ये विस्फोट या रेडियो तरंगें पांच मिनट तक चलती हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने इस वस्तु का नाम जीपीएम जे1839-10 रखा है। यह वस्तु पृथ्वी से करीब 15,000 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। यह वस्तु चुंबकीय शक्ति वाली हो सकती है। अगर यह कोई तारा है, तो बहुत दुर्लभ किस्म का है, जिसका शायद पृथ्वी से जुड़ाव है। वैसे उस वस्तु या तारे की ओर से आ रहे संकेत अन्य ग्रहों और उपग्रहों पर भी दिख रहे होंगे। इसलिए सुनिश्चित तौर पर यह कहना थोड़ा मुश्किल है कि वह तारा पृथ्वी को ही संकेत भेज रहा है। यह माना जा रहा है कि साल 1988 से ही वहां से संकेत मिल रहे हैं। हालांकि, विशाल ब्रह्मांड में अब जाकर वैज्ञानिकों ने इस संकेत पर गौर किया है। यदि इस संकेत पर गौर करने में ही तीन दशक लग गए हैं, तो पूरे सच के उद्घाटन के लिए हमें ज्यादा इंतजार करना पड़ सकता है। चूंकि ऐसा कोई तारा अभी तक नहीं दिखा है, इसलिए भी इसकी पड़ताल में परेशानी आ रही है। तारों, उपग्रहों या अंतरिक्ष में मौजूद अन्य वस्तुओं के अध्ययन के जो मॉडल हैं, उन सबसे अलग मॉडल इस तारे का लग रहा है। जब वैज्ञानिकों ने गौर किया है, तो इस तारे द्वारा भेजे जा रहे संकेत की चमक अलग प्रकार की है। इस चमक को खुली आंखों से कदापि नहीं देखा जा सकता, वैज्ञानिक इसे उपकरणों के इस्तेमाल से ही देख पा रहे हैं। वैज्ञानिकों ने अभी तक जो अध्ययन किया है, उसके अनुसार, उस तारे से हो रहा उत्सर्जन कुछ-कुछ पल्सर से निकलने वाले विस्फोटों या तेज रेडियो विस्फोटों जैसा लगता है, जो कई सेकंड तक बना रहता है। ध्यान रहे, पल्सर ऐसे तारे होते हैं, जो तेजी से चक्कर काटते हैं और विस्फोट करते हैं। अगर यह वस्तु भी पल्सर है, तो उसका चुंबकीय क्षेत्र काफी सशक्त है, इसके रेडियो विस्फोट भी तेज हैं। अत: यह वैज्ञानिकों के लिए कौतूहल का विषय बन गया है। वैज्ञानिक हर संभावना को खंगालने में जुटे हैं। यह अच्छी बात है कि अंतरिक्ष का अध्ययन पिछले पांच दशकों में बहुत अच्छा हो गया है, इसलिए रेडियो सिग्नलों का भी डाटा दर्ज है। शोधकर्ताओं ने रेडियो अभिलेखागार में जांच के बाद ही यह पाया है कि यह वस्तु 35 वर्ष से संकेतों को दोहरा रही है। ऑस्ट्रेलिया में 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोनॉमी रिसर्च' से जुड़ी खगोल वैज्ञानिक और इस शोध पत्र की सह-लेखिका नताशा हर्ले-वाकर इसे कुछ धीमा तत्व मान रही हैं। क्या यह कोई मैग्नेटर है? यह पता लगाया जा रहा है। मैग्नेटर अत्यधिक चुंबकीय, युवा न्यूट्रॉन तारे होते हैं, जो आमतौर पर हर एक या दो सेकंड में एक बार घूमते हैं और चमक का उत्सर्जन करते हैं। ऐसे और भी कुछ तारे या वस्तुएं हैं, जो चौंकाती हैं, लेकिन उनके बारे में कुछ खास रोचक पता नहीं चलता है। अंतरिक्ष चूंकि शुरू से ही इंसानों के लिए रहस्य का विषय रहा है और एलियन या दूसरे ग्रहों पर जीवन की संभावना या कल्पना भी हमेशा रही है, इसलिए भी पृथ्वी की ओर आ रहे नए संकेत काफी महत्व के हो गए हैं। विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों को ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर जांच करनी चाहिए। लोग पूरे तथ्यों का इंतजार करेंगे।

> “ वैज्ञानिकों ने अभी तक जो अध्ययन किया है, उसके अनुसार, उस तारे से हो रहा उत्सर्जन कुछ-कुछ पल्सर से निकलने वाले विस्फोटों या तेज रेडियो विस्फोटों जैसा लगता है, जो कई सेकंड तक बना रहता है। ध्यान रहे, पल्सर ऐसे तारे होते हैं, जो तेजी से चक्कर काटते हैं और विस्फोट करते हैं। अगर यह वस्तु भी पल्सर है, तो उसका चुंबकीय क्षेत्र काफी सशक्त है, इसके रेडियो विस्फोट भी तेज हैं। अत: यह वैज्ञानिकों के लिए कौतूहल का विषय बन गया है।

## कदम सिर्फ दिखावटी ना हो

भारत सरकार की यह पहल सही दिशा में है। सरकार ने सहारा समूह की चार सहकारी समितियों में निवेश करने वालों के पैसों को लौटाने के लिए एक नई सेवा शुरू की है। निवेशकों के करीब 30,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। अभी 5,000 करोड़ लौटाने की व्यवस्था हुई है। अगर यह सिर्फ शुरुआत है, तो इसका स्वागत किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यह योजना भी सिर्फ हेडलाइन बटोरने तक सीमित ना रह जाए। सहारा समूह में निवेश करने वाले हजारों लोग पहले ही आशा और निराशा में काफी डूब उतरा चुके हैँ। अब उन्हें वास्तविक राहत देने की जरूरत है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस हफ्ते इस अभियान के लिए एक पोर्टल की शुरुआत की है। सरकार का कहना है कि 'सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल' के जरिए उन करोड़ों निवेशकों को उनके पैसे वापस दिलाने की कोशिश की जाएगी जिनके पैसे सहारा समूह में हुए घोटाले के उजागर होने के बाद से फंसे हुए हैं। रिफंड पाने के लिए निवेशकों को इस पोर्टल पर जा कर अपने निवेश की, जिस बैंक खाते में रिफंड चाहिए उस खाते की और अपने आधार नंबर की जानकारी देनी होगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि बैंक खाता और मोबाइल नंबर दोनों आधार से जुड़े हुए हों। ये तमाम शर्तें ठीक हैं। मगर असल सवाल है कि सभी निवेशकों के पूरे पैसे को लौटाने की व्यवस्था के बारे में सरकार की पूरी योजना क्या है? इस बारे में सबको भरोसे में लिया जाना चाहिए। वरना, यह एक प्रतीकात्मक कदम बनकर रह जाएगा। यह सुनिश्चत करना होगा कि लोग इस पहल को अगले आम चुनाव से पहले जन भावना को अपने पक्ष में करने की कोशिश ना मानने लगें। खुद अमित शाह ने बताया है कि सहारा समूह की चार समितियों- सहारा क्रेडिट, सहारायान यूनिवर्सल, हमारा इंडिया क्रेडिट और स्टार्स मल्टीपर्पस सहकारी समिति- में करीब 1.78करोड़ लोगों के लगभग 30,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। लेकिन सारी रकम लौटाने के रास्ते में सुप्रीम कोर्ट का आदेश एक रुकावट है। ऐसे में बेहतर होता केंद्र पहले ऐसी रुकावटों को हटवाने के प्रयास में अपनी ताकत झोंकता।

## गहलोत का मास्टरस्ट्रोक

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस साल बजट पेश करने से समय से लगातार जन कल्याण की योजनाओं की घोषणा करते जा रहे हैं। तभी कई स्वतंत्र पर्यवेक्षक भी मान रहे हैं कि बजट सत्र से पहले और सत्र के बाद के राजस्थान के राजनीतिक हालात में बहुत फर्क आया है। उन्होंने राज्य स्तर पर जो योजनाएं शुरू कीं वह अपनी जगह है लेकिन बताया जा रहा है कि सरकार ने विधायकों के क्षेत्र के हिसाब से भी योजनाएं बनाई हैं, जिससे क्षेत्र में विधायकों के खिलाफ बनी पांच साल की एंटी इन्कम्बैंसी को कम करने में मदद मिलेगी। इन योजनाओं के जरिए जनता तक भी यह मैसेज पहुंचा है कि अगर विधायक को हराया तो योजना ठप्प हो सकती है। ध्यान रहे अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी तरह दर्जनों योजनाएं घोषित कर दी थीं, मतदाताओं के एक बड़े तबके ने उनको पूरा करने के लिए ही दूसरी बार वोट किया था। बहरहाल, बजट सत्र से घोषित तमाम योजनाओं के साथ अब गहलोत सरकार ने 'मास्टरस्ट्रोक' चला है। गहलोत ने राजस्थान को पहला राज्य बना दिया है, जिसने न्यूनतम आय की गारंटी दी है। कानून बना कर हर नागरिक को हर साल न्यूनतम आय सुनिश्चित किया है। यह पहली योजना है, जो सामाजिक सुरक्षा पेंशन की गारंटी देती है, हर परिवार को साल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देती है और हर परिवार को न्यूनतम मासिक आय की गारंटी देती है।

> “ मगर सरकारों को भी खबरें बहुत परेशान करती हैं, शायद इसीलिए युद्ध-स्तर पर कोशिशें शुरू हुईं और केंद्र सरकार ने दो एजेंसियों नैफेड और एनसीसीएफको जिम्मेदारी दी कि घाटा उठाकर भी बाजार में सस्ते दाम पर टमाटर बेचें। अब कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र से टमाटर लाकर ये दोनों एजेंसियां दिल्ली, नोएडा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, पटना, मुजफ्फरपुर, जयपुर और आरा समेत उत्तर भारत के कुछ शहरों में बेच रही हैं।

# टमाटर पर अब हर साल हाय-तौबा

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार



भारतीय कैलेंडर में इस साल सावन का महीना पूरे 58 दिन का है। पंचांग बनाना एक बेहद जटिल विद्या है और इसमें कभी कोई महीना कम होता है, तो कभी कोई महीना बढ़ जाता है। सावन लंबा होने का अर्थ क्या मानसून या बारिश का लंबा खिंचना भी होगा? इस बार सावन में चार नहीं, आठ सोमवार के व्रत रखने होंगे। खैर, यहां सावन का जिक्र सिर्फ इसलिए, क्योंकि सावन बीतेगा, बारिश का प्रकोप कम होगा, तो शायद बाजार में टमाटर व दूसरी सब्जियों के दाम भी गिरेंगे।

पिछले कुछ दिनों की खबरें और सुर्खियां देखें, तो लगता है कि टमाटर का दाम जाने कब से आसमान पर है। मगर याद रखना चाहिए कि जून के बीच में ही दिल्ली के बाजार में टमाटर बीस रुपये किलो मिल रहा था। जून के अंत तक यह सौ रुपये पहुंचा और जुलाई में एक सौ बीस, एक सौ साठ और कब दो सौ पार कर गया, पता ही नहीं चला। बारिश शुरू होने के साथ ही दाम तो सभी सब्जियों के बढ़े थे। हिंदी के अखबारों में तो सब्जियों के दाम पर खबरें यदा-कदा आती रहती हैं, पर अंग्रेजी की चटखारेदार हेडलाइन तब बनी, जब फास्ट फूड चेन मैकडॉनल्ड्स ने एलान किया कि वह अपने मेन्यू से टमाटर को कुछ समय के लिए हटा रहा है। तब टमाटर पर मीम और चुटकुलों की भरमार हो गई। टमाटर के दाम दो सौ पार होने के बाद उसकी दैनिक कवरेज शुरू हुई, तो फिर देश के कोने-कोने से खबरें आने लगीं। प्रयागराज में एक विपक्षी नेता ने टमाटर पर पहरे के लिए बाउंसर तैनात कर दिए, तो राज्य सरकार ने उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में मुकदमा कर दिया। मगर सरकारों को भी खबरें बहुत परेशान करती हैं, शायद इसीलिए युद्ध-स्तर पर कोशिशें शुरू हुईं और केंद्र सरकार ने दो एजेंसियों नैफेड और एनसीसीएफ को जिम्मेदारी दी कि घाटा उठाकर भी बाजार में सस्ते दाम पर टमाटर बेचें। अब कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र से टमाटर लाकर ये दोनों एजेंसियां दिल्ली, नोएडा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, पटना, मुजफ्फरपुर, जयपुर और आरा समेत उत्तर भारत के कुछ शहरों में बेच रही हैं। टमाटर की लागत इन एजेंसियों को 125 से 130 रुपये प्रति किलो आ रही है। जाहिर है, बाकी पैसा सरकार भरेगी।

उम्मीद है, अगस्त के तीसरे हफ्ते तक टमाटर का भाव वापस तीस रुपये किलो के नीचे पहुंच जाएगा, लेकिन उसके बाद क्या होगा? हर साल कम से कम दो बार टमाटर, प्याज या आलू जैसी किसी सब्जी पर ऐसी हाय-तौबा मचती है। तमाम किस्म के वादे होते हैं और फिर दाम घटते ही सब भूल जाते हैं। दूसरी खबर तब आती है, जब किसान अपनी फसल सड़क पर फेंक रहे होते हैं।

अभी सबने यह खबर पढ़ी होगी कि कैसे पुणे के एक किसान को टमाटर की एक ही फसल में लगभग ढाई करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। न जाने कितने लोग ललचाने लगे होंगे कि अगली बार हम भी टमाटर ही बो डालेंगे, लेकिन इससे ठीक पहले का मंजर खौफनाक है। याद कीजिए कि इससे पहले टमाटर किस भाव मिल रहा था। पिछले साल हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के आसपास जिन किसानों ने टमाटर बोए थे, उनकी सांसें अटकी हुई थीं। इन गरमियों से पहले लगभग आठ महीने तक किसानों को अपने खेत से टमाटर दो से पांच रुपये किलो तक बेचना पड़ रहा था। इसकी लागत उन्हें आठ रुपये किलो पड़ती है। दाम इतना कम था कि न जाने कितने किसानों ने अपनी खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चला दिए। तब उन्हें क्या खबर थी कि अगर दो महीने इंतजार कर लेते, तो उनकी किस्मत पलट जाती।

भारत में टमाटर को पारंपरिक रूप से सर्दियों की फसल माना जाता था। हमारे बचपन में तो टमाटर गरमियों में न होता था, न मिलता था। खाना भी उसी हिसाब से बनता था, खट्टे के लिए अमचूर, इमली जैसी चीजें या देश के कुछ हिस्सों में सूखे टमाटर या उसका पहले से इकट्ठा करके रखा रस इस्तेमाल होता था। खेती में विज्ञान घुसा और हाइब्रिड बीजों के आने से अब किसी भी मौसम में टमाटर की खेती हो सकती है। सबसे ज्यादा फायदेमंद खेती गरमियों और बरसात में होती है, क्योंकि यह टमाटर महंगा बिकता है, वैसे तब खेती बहुत कठिन और खर्चीली होती है।

शायद यही वजह है कि इस मौसम में किसान टमाटर की जगह धान या मक्का जैसी दूसरी फसलों पर जोर देते हैं, जिनमें खर्च और जोखिम कम होता है। यही वजह है, टमाटर कम हो जाता है और उसके दाम चढ़े रहते हैं। मौसम बिगड़ा, तो हालत और खराब हो जाती है। देश में हर साल लगभग दो करोड़ टन टमाटर की पैदावार होती है, लेकिन इस बार इसमें 30 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। नतीजतन, बाजार में हाहाकार है।

करीब बीस साल पुराना एक किस्सा याद आता है। जनरल परवेज मुशर्रफ तब पाकिस्तान के राष्ट्रपति थे और बीबीसी के एक रेडियो प्रोग्राम में जनता के सवालों के जवाब दे रहे थे। किसी ने पूछा, टमाटर 35 रुपये किलो मिल रहा है, खाना मुश्किल हो गया है... बात पूरी होने से पहले ही मुशर्रफ उखड़ गए। बोले, यह क्या बात हुई! टमाटर महंगा मिल रहा है। जरूरी है टमाटर खाना? बाजार में और सब्जी नहीं मिलती? डॉक्टर ने कहा है टमाटर खाओ? यह कोई सवाल हुआ मुझसे पूछने के लिए? बात चुटकुले जैसी लगती है, लेकिन बहुत से लोग यह पूछने लगे हैं कि आखिर बेमौसम सब्जी खाने की ऐसी क्या जरूरत है कि उसके बिना काम नहीं चलता?

दूसरा सवाल यह है कि अगर साल में दो-तीन महीने किसी फसल पर किसानों को मुनाफा होता दिखता है, तो क्या आप कुछ महंगाई बर्दाश्त नहीं कर सकते? जिन किसानों ने कुछ ही पहले अपनी खड़ी फसल तोड़ने के बजाय नष्ट करना बेहतर समझा, उनका कहना है कि अगर सरकार टमाटर पर 12 रुपये किलो न्यूनतम मूल्य मिलने की व्यवस्था कर देती, तो शायद उन्हें अपनी फसल ऐसे बर्बाद न करनी पड़ती। अभी जो सरकार सस्ते टमाटर बेचने के लिए एक किलो पर पचास से साठ रुपये का घाटा उठाने को तैयार है, वह किसानों को ऐसी मदद का इंतजाम क्यों नहीं कर सकती, यह बड़ा सवाल है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# श्रीलंका को फिर संवारने में मददगार बनता भारत

स्मृति पटनायक, रिसर्च फेलो, आईडीएसए



श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे एक सफल यात्रा पूरी करके वापस लौट चुके हैं। अपने दो दिवसीय दौरे पर जब वह गुरुवार को भारत पहुंचे थे, तो उनके मन में कई तरह की उलझनें रही होंगी? मसलन, श्रीलंका की आर्थिक बदहाली से कैसे पार पाया जाए? कूटनीतिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाते हुए भारत से किस तरह अधिकाधिक लाभ उठाया जाए? द्विपक्षीय संबंधों को किस तरह नई दिशा दी जाए? बीजिंग के बरअक्स नई दिल्ली से किस तरह की मदद ली जाए? आदि। अपने द्वंद्व से वह कितना बाहर निकल सके, यह तो साफ-साफ नहीं कहा जा सकता, लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस-वार्ता में उन्होंने जिस तरह से भारत के योगदान की सराहना की, उससे यही संकेत मिलता है कि वह निराश होकर तो नहीं लौटे।

दोनों नेताओं की बैठक काफी दिनों से टल रही थी। हालांकि, इस बीच हमारे विदेश मंत्री और विदेश सचिव कोलंबो का दौरा कर चुके थे। दरअसल, पिछले साल जिस परिस्थिति में रानिल विक्रमसिंघे राष्ट्रपति बने थे, वह काफी चुनौतीपूर्ण वक्त था। तब श्रीलंका के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार का अभाव था, और वह कर्ज चुकाने में विफल हो गया था। चूंकि वहां सब कुछ आयात होता है, यहां तक कि खाने-पीने का सामान भी, इसलिए विदेशी मुद्रा भंडार का खाली होना गंभीर संकट था। ऐसी परिस्थिति में भारत ने आगे बढ़कर मदद की थी। हालांकि, अमेरिका और जापान जैसे देश भी आगे आए थे, लेकिन नई दिल्ली ने करीब चार अरब डॉलर के जरूरी सामान मुहैया कराए थे, जिनमें खाने-पीने का सामान, तेल, सर्जिकल आइटम, दवाई आदि प्रमुख है। यह कितनी बड़ी मदद थी, इसका पता इससे भी चलता है कि साझा प्रेस-वार्ता में श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने इसका फिर से जिक्र किया और भारतीय प्रधानमंत्री का ऐन वक्त पर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

श्रीलंका के लिए अभी सबसे अधिक जरूरी अपने कर्ज से निपटना है। वह इसलिए कर्जदार हो गया है, क्योंकि वहां चीन की परियोजनाएं व्यावसायिक रूप से सफल नहीं हो सकी हैं। नतीजतन, उसे अपने बंदरगाह तक बीजिंग को लीज पर सौंपना पड़ा। जब कोई राष्ट्र दिवालिया होता है, तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी संस्थाएं तभी मदद देती हैं, जब उस देश के कर्जदाताओं में यह सहमति बने कि वह ऋण को नए सिरे से चुका देगा। भारत ने इस कार्य में श्रीलंका की काफी मदद की। उसने 'पेरिस क्लब' को मनाने में कामयाबी हासिल की कि वह आईएमएफ को वित्तीय गारंटी दे। यह क्लब पश्चिमी कर्जदाता देशों का ऐसा समूह है, जहां कर्जदार देशों की भुगतान कठिनाइयों का समाधान खोजने का प्रयास होता है। भारत ने इसलिए विशेष पहल की, क्योंकि हमारी नीति 'पड़ोस प्रथम' की है। हम यही मानते हैं कि अगर हमारे पड़ोस में उथल-पुथल बनी रहेगी, तो उसका असर हम पर भी होगा। इसीलिए श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाने के प्रयास के तहत भारत ने वहां की मैन्युफैक्चरिंग/इकोनॉमिक जोन और सरकारी उद्यमों में विनिवेश का भरोसा दिया है। साथ ही, दोनों देश एक-दूसरे के निवेशकों को अनुकूल माहौल देने व निवेश को सुविधाजनक बनाने पर भी सहमत हुए हैं। द्विपक्षीय व्यापार को व्यापक बनाने के साथ-साथ वहां लेन-देन को यूपीआई में करने पर भी उन्होंने समझौता किया है।

राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कनेक्टिविटी और पर्यटन बढ़ाने के लिए फेरी सर्विस फिर से शुरू करने, जाफना-चेन्नई हवाईसेवा को कोलंबो तक करने, श्रीलंका के अन्य स्थानों पर कनेक्टिविटी का पता लगाने, सामुद्रिक सुरक्षा व सहयोग को बढ़ावा देने, श्रीलंका को सस्ती व विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सहयोग मिलने जैसे कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी का साथ हासिल किया है। यह सच है कि श्रीलंका अब तक पूरी तरह से स्थिर नहीं हो सका है। खुद रानिल विक्रमसिंघे के चयन पर सवाल उठते रहे हैं। फिर, तमिल अस्मिता भी वहां का एक बड़ा मुद्दा है। मगर उसे यह विश्वास है कि भारत अपने इस पड़ोसी देश को अपने हाल पर नहीं छोड़ सकता। खासतौर से ऐसे वक्त में, जब वह हिंद महासागर का एक प्रमुख खिलाड़ी है और दोनों देश कूटनीतिक संबंध की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# रिश्ते के लिए अमेरिका फड़फड़ा रहा या चीन?

श्रुति व्यास



अमेरिका के मंत्री, कूटनीतिज्ञ एक के बाद एक लाइन लगाकर चीन जा रहे हैं। सबसे पहले विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गए। उनके पीछे वित्त मंत्री जैनेट येलेन गई। फिर राष्ट्रपति बाईडन के जलवायु मामलों के विशेष दूत जान कैरी भी बीजिंग पहुंचे।

सभी का मकसद रिश्तों में आई खटास को कम करना था। परंतु इन सबसे जितना शोर हुआ उससे कहीं अधिक शोर सौ साल की उम्र के पूर्व विदेश मंत्री हैनरी किसिंजर की चीन यात्रा से है। एक वजह यह है कि चीन में किसिंजर का स्वागत अमेरिकी प्रशासन के आला मंत्रियों से ज्यादा गर्मजोशी से हुआ। बाकियों के स्वागत में गर्मजोशी नाम के लिए भी नहीं थी लेकिन चीन के विदेश मंत्रालय ने न केवल बयान जारी कर दोनों देशों के रिश्तों में हैनरी किसिंजर के योगदान को याद किया बल्कि उनकी जम कर तारीफ भी की। चीन ने कहा "चीन के प्रति अमरीका की नीति को किसिंजर की कूटनीतिक बुद्धिमत्ता और निक्सन के राजनैतिक साहस की जरूरत है।

किसिंजर मंगलवार को चीन के विदेश मंत्री ली शांगफू से मिले। यह मुलाकात भी चीन द्वारा किसिंजर को दिए जा रहे सम्मान और महत्व की सूचक थी। पिछले ही महीने चीन ने सिंगापुर में एक फोरम की बैठक के दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन के ली से मुलाकात के अनुरोध को नामजूंर किया था। चीन का कहना थधा कि अमरीका ने जब ली पर प्रतिबंध लगा रखे हैं तो वे क्यों मिले!

किसिंजर अपनी मर्जी से चीन गए हैं। वे अमरीकी सरकार के प्रतिनिधि नहीं हैं-कम से आधिकारिक तौर पर तो नहीं-और यह भी एक वजह है कि उनका चीन ने शानदार स्वागत किया। अभी यह साफ नहीं है कि वे राष्ट्रपति शी जिंनपिंग से मिलेंगे या नहीं। चीन की सरकारी न्यूज एजेन्सी शिन्हुआ के अनुसार, शी जिनपिंग और किसिंजर की आखिरी मुलाकात बीजिंग में 2019 में हुई थी। उस समय शी ने किसिंजर को शुभकामनाएं देते हुए कहा था कि "वे आने वाले कई सालों तक स्वस्थ रहें और चीन और अमरीका के रिश्तों को बेहतर बनाने में अपना योगदान देते रहें।

अमेरिका और चीन इस समय एक-दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। ऐसे समय में किसिंजर की चीन यात्रा के कई निहितार्थ हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से यह एक प्रतीकात्मक पहल है। चीन चाहता है कि अमेरिका उसे अपने बराबर की ताकत के रूप में स्वीकार करे। अमरीका को यह मंजूर नहीं है। किसिंजर और ली की मुलाकात से चीन ने अमेरिका को संदेश भेजा है कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच सीधा संवाद तब तक नहीं होगा जब तक अमेरिका चीन पर से प्रतिबंध नहीं हटा लेता। अपनी पिछली चीन यात्रा के दौरान ब्लिंकन ने बीजिंग से अनुरोध किया था कि संवाद के चैनल को खोला जाए परंतु चीन ने उस बात को खारिज किया।

किसिंजर और ली की मुलाकात के बारे में चीन के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है-अमेरिका के कुछ लोगों की इस बात के लिए आलोचना की गई है कि वे चीन की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाने के लिए आधा रास्ता चलकर आने को तैयार नहीं हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि मित्रवत संवाद के लिए जरूरी वातावरण समाप्त हो गया है।

सवाल है रिश्ते ठिक करने के लिए चीन फडफड़ा रहा है या अमेरिका? ध्यान रहे बीजिंग जाने की शुरूआत ब्लिंकन से हुई थी और उसके लिए चीन की संवाद शुरू करने की पहल थी। तो उसके तमाम पहल अमेरिका की और से है या चीन की तरफ से? सबसे बड़ी बात यूक्रेन मामले में रूस-चीन चीन की साझेदारी की हकीकत में अमेरिका और योरोप कैसे और कितनी पहले कर सकता है? सो संभव है कि दोनों तरफ से रास्ता निकालने की कूटनीति होती हुई हो। अमेरिका अपने मंत्रियों और किसिंजर जैसे गैर-आधिकारिक प्रतिनिधियों को एक के बाद एक चीन भेजकर संदेश दे रहा है कि वह चीन से बातचीत फिर से शुरू करने के लिए इच्छुक है। आखिर किसिंजर सौ साल की उम्र में आधी दुनिया को पार कर चीन गए हैं तो कोई तो बात है!

दोनों पक्षों का मानना है कि आधिकारिक संवाद की बहाली से राह खुलेगी। दरअसल अमेरिका बाईडन के रहते हुए ही चीन के साथ संबंध बेहतर करने के बारे में सोच सकता है। अगर डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति भवन में वापिस पहुंचते हैं तो यह कहना मुश्किल है कि उनकी और उनके प्रशासन की चीन के साथ संबंधों को सामान्य करने में कितनी इच्छा होगी? उनकी शायद ही कोई खास दिलचस्पी नहीं होगी। उनके एजेंडे में अमेरिका को ग्रेट बनाना है और उसमें चीन ही टारगेट बनता है।

अमेरिकी संसद की प्रतिनिधी सभा की तत्कालीन स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताईवान यात्रा और उसके बाद अमेरिका के आकाश में तैरते चीनी गुब्बारों ने दोनों देशों के संबंधों में खटास पैदा की थी। वह पिछले एक साल से जस की तस है। अब दोनों देश जलवायु परिवर्तन की भारी समस्या से एक-दूसरे से बातचीत करने को तैयार हुए है तो यह कुल मिलाकर वैश्विक परिवेश की जरूरत में एक शुभ लक्षण है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### मतदाता जागरूकताः पीजी कालेज के छात्रों ने निकाली रैली

**कोरबा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत शासकीय ईवीपीजी अग्रणी महाविद्यालय के छात्रों ने शनिवार को रैली का आयोजन किया। कॉलेज के प्राध्यापकों व छात्रों ने निष्पक्ष और अनिवार्य मतदान करने के लिए शपथ भी ली। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र व समस्त प्राध्यापक बड़ी तादाद में मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर संजीव कुमार झा व के दिशानिर्देश पर शनिवार को पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रत्येक शनिवार को रैली, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, रंगोली, मानव श्रृंखला जैसे आयोजन किए जाने के निर्देश हैं। शनिवार को आयोजित रैली में पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ साधना खरे शामिल हुईं। जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया डॉ खरे ने कहा कि आने वाले चुनाव में निष्पक्ष और अनिवार्य मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में रैली के माध्यम से बच्चों और आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कॉलेज के छात्रों से यह भी कहा गया कि वह अपने माता-पिता के साथ और आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। अधिक से अधिक जानकारियों का प्रचार प्रसार करें। ताकि चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो सके। मतदाता जागरूकता रैली एवं अनिवार्य मतदान करने के लिए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ एसएस तिवारी ने शपथ ग्रहण कराया।

### तकनीकी सुविधाओं के साथ साइबर अटैक ने पुलिस तंत्र की चुनौतियां बढ़ाई

**कोरबा।** औद्योगिक जिले कोरबा में बढ़ती आबादी और नई इकाईयों की स्थापना के साथ फ्लोटेड पापुलेशन की आमदरफ्त के बीच अलग-अलग प्रकार के अपराधों में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। इसी के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस का जतन जारी है। इसके ठीक उल्टे संचार युग में हर किसी को मिल रही तकनीकी सुविधाओं के साथ ही साइबर अटैक ने पुलिस के तंत्र की चुनौतियां बढ़ाई है। कोरबा जिला भी इससे अछूता नहीं है। बदलते तौर-तरीकों के साथ दूरदराज में सक्रिय साइबर ठग घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वहीं तत्वों को हतोत्साहित करने के लिए पुलिस की कोशिश जारी है। एटीएम ब्लॉक होने से लेकर केवायसी अपडेट करने, अपनी जमीन पर मोबाइल टॉवर की स्थापना करने के साथ-साथ दूसरे हथकंडे अपनाते हुए साइबर अपराधियों के द्वारा बीते वर्षों में लोगों की गाढ़ी कमाई को हड़पने का काम किया गया। ऐसे मामलों में जिले के काफी लोग ठगी का शिकार हुए। बड़े आसान तरीके से पासवर्ड और गोपनीय जानकारी प्राप्त करने में सफल रहे अपराधियों ने ऐसे मामलों को अंजाम दिया।

### युवाओं से भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की कई अहम घोषणाएं

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं से राजनीति में आने का किया आव्हान, कहा कि आपके आने से ही प्रदेश आगे बढ़ेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित इन्डोर स्टेडियम में युवाओं के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में धमतरी से आये युवा सोमेश्वर गंजीर ने ऋग्वेद के श्लोकों के साथ सपनो का छत्तीसगढ़ विषय पर जोशीले तरीके से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जोशीले भाषण से इतना खुश हुए कि सोमेश्वर को अपने पास बुलाकर गले लगा लिया और सिर पर रखकर आर्शिवाद दिया। मुख्यमंत्री ने सोमेश्वर के लिए युवाओं से खचा-खच भरे स्टेडियम में तालियाँ बजवायीं।



मुख्यमंत्री से इंजीनियरिंग की छात्रा शगुन श्रीवास्तव ने पूछा कि आपकी सरकार युवाओं को राजनीति में लाने के लिए क्या प्रयास कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जितने ज्यादा युवा राजनीति में आएंगे उतना ही अधिक लोगों को पढ़े-लिखे युवाओं का नेतृत्व मिलेगा और हमारा प्रदेश आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने युवाओं को राजनीति में आने का आह्वान किया।

धमतरी के भुजेश कुमार ने मुख्यमंत्री से उनके पढ़ाई के दौरान आई समस्या के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने विस्तार से बताया की बचपन में गांव में सड़कें, बिजली, नाली की समस्या को देखता था। मुझे लगता था कि विधायक ही इस समस्या का समाधान करता है। मेरे मन में भी आया कि मैं भी एक दिन विधायक बनूंगा। मैने शुरूआत की और निरंतर संघर्ष के बाद आज इस मुकाम पर पहुंचा हूॅ। मै पूरी कोशिश करता हूँ कि लोगों को किसी प्रकार की समस्या ना हो। रायपुर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आये बड़ी संख्या में युवाओं से मुख्यमंत्री सीधे रूबरू हुए। इस दौरान युवाओं ने मुख्यमंत्री समक्ष अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने न केवल उनके बाते सुनी बल्कि मौके पर ही युवाओं की मांग पर कई अहम घोषाणाएं की। मुख्यमंत्री ने युवाओं की मांग पर दन्त चिकित्सकों को 2 साल ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ करने, शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में पीजी कोर्स प्रारंभ करने, स्वास्थ्य केंद्रों में फीजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति, फीजियोथेरेपी कॉलेज में छात्रावास की व्यवस्था सहित छत्तीसगढ़ी भाषा में अध्यापक भर्ती करने की घोषणा की। भेंट-मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम की शुरूआत राजगीत अरपा पैरी के धार से हुई।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष युवाओं ने मेरे सपनों के छत्तीसगढ़ पर अपने विचार, कविता और भाषण की प्रस्तुत किए। उसके पश्चात मुख्यमंत्री ने युवाओं से बातचीत की। पीएससी की तैयारी कर रहे छात्र प्रणव कुमार ने प्रारंभिक परीक्षा की मार्कशीट जारी करने तथा पारदर्शिता के लिए उचित उपाय करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस पर अमल करने का आश्वासन दिया। धर्मेश नायक ने कहा कि हमने टैटू आर्ट का कोर्स किया है। उन्होंने महादेवघाट को कला केंद्र के रूप में घोषित करने की मांग की जिससे टैटू कलाकारों को प्रोत्साहन मिले। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव पर विचार कर कार्यवाही करने की बात कही।

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के छात्र भोजराज धनगर ने स्कूल स्तर पर प्रशिक्षित कला के शिक्षक नियुक्त करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा अभी संगीत विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालय खोले जा रहे हैं, उसके बाद निश्चित रूप से स्कूली स्तर पर भी से लागू किया जाएगा। कसडोल के देवेंद्र सतनामी ने कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कॉलेज आने-जाने के लिए बसों में फ्री टिकट की मांग की। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक गायिका सुश्री आरू साहू, ऋषि वालिया बैंड इंडियन रोलर्स और राहुल नायक के बैंड की प्रस्तुति हुई। जब भी रायपुर आओगे आधारित विडियो का विमोचन हुआ। इस अवसर पर आदिम जाति विभाग मंत्री मोहन मरकाम, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष विधायक कुलदीप जूनेजा, विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव संकुतला साहू, अनिता योगेश शर्मा खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल की अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, खेल एवं युवा कल्याण के सचिव एन.एन.एक्का. रायपुर कमिश्नर संजय अलंग, कलेक्टर डॉ. नरेन्द्र सर्वेश्वर भूरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारीगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक पारंपरिक खेल महाकुंभ को लेकर प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह

श्रीकंचनपथ न्यूज

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को वैश्विक पहचान दिलाने और लोगों में खेल के प्रति जागरूकता लाने विगत वर्ष से शुरू की गई छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों में अलग-अलग स्तर पर इसका आयोजन कराया जा रहा है।



पहले स्तर की प्रतियोगिता राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर आयोजित की जा रही हैं, जो जशपुर के इचकेला, कुनकुरी, बगीचा, फरसाबहार सहित पूरे जिले भर में जारी हैं।

इस वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक 16 खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इन खेल विधाओं में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, रस्साकसी, बाटी, फुगड़ी, भंवरा, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, संकली, लंबी कूद, गेड़ी दौड़, 100 मी दौड़ और बिल्लस सहित दो नये खेल शामिल है। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की जा रही है। पहला 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा 18 से 40 वर्ष की आयु तक एवं तीसरा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक महिला और पुरूष दोनों वर्ग में शामिल है।

दूसरे स्तर की प्रतियोगिता के लिए 8 क्लब को मिलाकर एक जोन बनाया गया हैं। जिसमें चयनित खिलाड़ी विकासखण्ड स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्द्धा में भाग लेंगे। इसके बाद जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता और प्रतिभागी दल को पुरस्कार राज्य युवा महोत्सव में दिया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इस वर्ष 17 जुलाई से जारी हैं।

## सुभाष नगर में पांच लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नं 22 सुभाष नगर में बजरंग बली मंदिर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सविव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने नागरिकों की मांग पर भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। शहर के वार्ड नं 22 के नागरिकों ने संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वार्ड में स्थित बजरंग बली मंदिर के पास भवन निर्माण के लिए ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। जिस पर पार्षद हेमलता यादव, डेविड ध्रुव, केदार महंती, राज पटेल, दानी प्रसाद पटेल, वीरेंद्र महंती, शारदा प्रसाद पटेल, राजेंद्र यादव, लोचन बघेल, विमल साहू, राजेंद्र वर्मा, राजेश साहू, सीताराम पटेल, लक्ष्मी महंती, आरती महंती, अजय महंती, उत्तम वर्मा, दीपक साहू, दीपक चंद्राकर, राजा साहू, राजा वर्मा, छोटू चंद्राकर, तोरण यादव, पंकज नशीने, विनय साहू, खिलेश नशीने, जयंत नशीने आदि ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने ग्राम पंचायत भोरिंग में साहू समाज के भवन में शेड निर्माण के लिए पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की है। आज रविवार को गिरधर आवड़े सहित दिनेश साहू, झाड़ू राम साहू, जयराम साहू, कोमल साहू, दारा सिंह साहू आदि संसदीय सचिव चंद्राकर से मुलाकात कर विभिन्न मांगों की ओर ध्यानाकर्षित कराया।

## बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हुआ भूतेश्वरनाथ धाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भूतेश्वर नाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों की तरह छत्तीसगढ़ में एक अर्धनारीश्वर प्राकृतिक शिवलिंग भूतेश्वर महादेव के नाम से विख्यात है। सावन के हर सोमवार को भक्तों द्वारा भूतेश्वर महादेव में जल अभिषेक कर पूजा अर्चना किया जाता है। इस जल अभिषेक और पूजा अर्चना के लिये सैकड़ो किलोमीटर दूर से कावड़ियों का दल विभिन्न वेशभूषा में रविवार से ही नगर में पहुचने लगे है जो रांत नगर में य भूतेश्वर धाम के नजदीक ग्राम पारा गाँव मे विश्राम के पश्चात सोमवार सुबह ही दर्शन कर जलाभिषेक किये।




इस बार सावन में आठ सोमवार पड़ रहा हैं। 10 जुलाई के बाद 17 जुलाई, 24 और 31 जुलाई,7 अगस्त,14 अगस्त, 21 और 28 अगस्त को सोमवार पड़ रहा है। गरियाबंद जिले में विराजित विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ में सावन के पहले पहले दिन सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली दूर-दूर से लोग भगवान भूतेश्वरनाथ के दर्शन-पूजन करने पहुंचे हैं।मान्यता है कि भूतेश्वरनाथ शिवलिंग आज भी बढ़ रहा है. हरी-भरी प्राकृतिक वादियों के बीच गरियाबंद से महज 3 किलोमीटर दूर अद्भुत अकल्पनीय सा दिखता यह शिवलिंग शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है जहां सोमवार को भक्तों का मेला लगेगा।

पूरे सावाँन माह में जल चढ़ाने लगता है लाखों कावड़ियो का ताँता,,,,,,,सावन माह में यहां दूर-दूर से भक्त जल लेकर भगवान शिव अर्पित करने पहुंचे हैं।भोले बाबा भी उनकी मन मांगी मुराद जरूर पूरी करते हैं.यही कारण है कि बीते 8 -10 सालों में यहां पहुंचने वाले भक्तों की संख्या में कई गुना इजाफा हो रहा है।सावन के तीसरे चौथे सप्ताह में यहाँ अलग अलग वेषभूषाओं में कावड़ियो की अपार भीड़ देखने को मिलती है सावनभर यहां भक्तों और कांवरियों का रेला लगा रहता है।वही महाशिवरात्रि के दिन लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।द्वादष ज्योतिर्लिगों की भांति छत्तीसगढ़ में यह एक विशाल प्राकृतिक शिवलिंग है,जो विश्व प्रसिद्ध विशालतम शिवलिंग के नाम से प्रसिध्द है।ऐसी मान्यता है कि यह शिवलिंग हर साल अपने आप में बढ़ता जा रहा है. छत्तीसगढ़ी भाषा में हुकारने की आवाज को भकुर्रा कहते हैं.इसी से छत्तीसगढ़ी में इनका नाम भकुर्रा पड़ा है। यहां हर वर्ष महाशिवरात्रि और सावन माह पर्व पर मेले जैसा माहौल रहता है. यहां पर दूर दराज से भक्त आकर महादेव की अराधना करते हैं.भगवान भूतेश्वरनाथ घने जंगलो के बीच ग्राम मरौदा में विराजमान है। 1959 गोरखपुर से प्रकाषित धार्मिक पत्रिका कल्याण के वार्षिक अंक के पृष्ट क्रमांक 408 में है उल्लेखित इस शिवलिंग का पौराणिक महत्व सन 1959 में गोरखपुर से प्रकाषित धार्मिक पत्रिका कल्याण के वार्षिक अंक के पृष्ट क्रमांक 408 में उल्लेखित है, जिसमें इसे विश्व का एक अनोखा महान एवं विषाल शिवलिंग बताया गया है. यह जमीन से लगभग 72 फीट उंचा एवं 210 फीट गोलाकार है. यहां मान्यता है कि सच्चे मन से जो भी मनोकामना की जाती है वह पूरी होती है. इसलिए पड़ा नाम,,,,,,यह समस्त क्षेत्र गिरी (पर्वत) तथा वनों से आच्छादित है. इसे गिरिवन क्षेत्र कहा जाता था, लेकिन कालांतर में गरियाबंद कहलाया जाता है.गाँव के बुजुर्गो का कहना हैं कि पहले यह टीला छोटे रूप में था। धीरे-धीरे इसकी ऊंचाई व गोलाई बढ़ती गई।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संविदा भर्ती के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में कार्यालय सहायक-क्लर्क, रिसेप्शनिष्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर (टाइपिस्ट) और कार्यालय भृत्य (मुंशी-अटेन्डेट) की संविदा भर्ती हेतु आवेदन 31 जुलाई 2023 की शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन, जिला न्यायालय परिसर कोरबा में रखे ड्राप बॉक्स में जमा करना होगा। डाकघर या अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन/कोरबा से अवलोकन किया जा सकता है।

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### हज यात्रा पूरी कर वापस आया 295 हज यात्रियों का दूसरा जत्था

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि छत्तीसगढ़ से हज यात्र पर गए हज यात्रियों का दूसरा जत्था आज फ्लाईनास की फ्लाइट नंबर XY-7584 से दोपहर 3.30 बजे नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा। 295 हज यात्रियों के जत्थे में 145 पुरुष एवं 150 महिला हज यात्री शामिल हैं।

राज्य हज कमेटी के चेयरमैन ने बताया कि हज यात्रियों की वापसी पर एयरपोर्ट में लगेज उपरांत प्रत्येक हज यात्री को 5 लीटर जम जम उपलब्ध कराया गया। एयरपोर्ट में ही हाजियों का गुलपोशी से राज्य हज कमेटी द्वारा इस्तकबाल किया गया। सभी हाजियों ने राज्य हज कमेटी की बेहतर व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान, विशेष रूप से रायपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी एवं सचिव साजिद मेमन, हज कमेटी सदस्य शमीम अख्तर, हाजी अब्दुल रज्जाक खान, मोहम्मद इमरान, सैय्यद अकबर बक्सी, मोहम्मद रियाज एवं राज्य हज कमेटी के कर्मचारी उपस्थित थे।

### राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी 31 जुलाई तक

**रायपुर।** भारत सरकार के निर्देश पर ''वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना'' के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी की कार्रवाई 31 जुलाई 2023 तक किया जाएगा। 'वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना' के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने तथा आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है। उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण ई-केवाईसी की कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संचालित शासकीय उचित मूल्य के दुकानों को प्रदान किये गये ई-पॉस उपकरण में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। ई-केवाईसी की कार्रवाई पूर्णतः निःशुल्क है। ई-केवाईसी की कार्रवाई के लिए राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचेंगे। जिसके बाद ही विक्रेता द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी की कार्रवाई पूर्ण किया जाएगा।

# रायपुर बनेगा पपीता उत्पादक जिलाः किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान और बिना ब्याज के 3 लाख का ऋण

## आईआईएचआर ने तैयार की पपीता की उन्नत प्रजाति अर्का प्रभात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले में बड़े पैमाने पर पपीते की खेती को लेकर उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहन एवं प्रशिक्षण दिए जाने की सिलसिला शुरू कर दिया गया है। एक उत्पाद-एक जिला योजना के तहत रायपुर जिले का चयन पपीते की खेती के लिए हुआ है। किसानों को उन्नत और रोग-प्रतिरोधी क्षमता वाले पपीते के पौधे उपलब्ध हो सके, इसके लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हार्टिकल्चर बैंगलोर में विकसित अर्का प्रभात किस्म का पपीता का पौधा रायपुर लाया गया है। इसकी मदद से नर्सरी तैयार कर किसानों को रोपण के लिए अर्का प्रभात पौधा उपलब्ध कराए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।



### रोग-प्रतिरोधक है अर्का प्रभात

पपीता की नई प्रजाति अर्का प्रभात की विशेषता यह है कि यह स्पॉट वायरस रसिस्टेंट है। इसमें वायरस से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता ज्यादा होने के कारण पौधा रोग-रहित रहता है। यह जानकारी 21 जुलाई को एक उत्पाद-एक जिला के तहत पपीता उत्पादन से पोषण की ओर विषय पर आयोजित कार्यशाला में दी गई। जिला पंचायत रायपुर के सीईओ अविनाश मिश्रा के मार्गदर्शन उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन लाभाण्डी में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

कार्यशाला में किसानों को पपीता की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए उप संचालक उद्यानिकी कैलाश सिंह पैकरा ने कहा कि इसकी खेती के लिए शासन द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान तथा बिना ब्याज के 3 लाख रूपए तक का ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पपीता एक पौष्टिक फल है। इसकी पत्ती की भी उपयोगी है। पपीते के स्वस्थ पौधे उद्यानिकी रोपणियों एवं कृषि केंद्रों पर भी उपलब्ध है। इसकी खेती के लिए विभाग के अधिकारियों एवं प्रक्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा किसानों को जानकारी दी जा रही है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गौतम राय ने उद्यानिकी के क्षेत्र में किए जा रहे शोध की जानकारी दी। डॉ. अजय वर्मा, निदेशक, विस्तार सेवाएं रायपुर ने बताया कि 'अर्का प्रभात' किस्म के पपीते का पौधा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर रिसर्च बैंगलोर से लाए हैं। स्थानीय स्तर पर इसकी नर्सरी तैयार कर किसानों को पौधे उपलब्ध कराने की पहल शुरू की गई है।

महाप्रबंधक, जिला व्यापार उद्योग अमेय त्रिपाठी ने किसानों को पपीते की मार्केटिंग, कोल स्टोरेज में रख रखाव और प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान इसका लाभ उठाकर अपना कारोबार को बढ़ा सकते हैं।

वैज्ञानिक डॉ. नीरज मिश्रा ने किसानों को बताया गया कि पपीता पौष्टिकता में सबसे अधिक है और इस फल से अनेक प्रकार के प्रसंस्कृत उत्पाद बनाए जा सकते हैं जैसे जैम, जेली, कतरी, कैंडी आदि। इसके जूस एवं नेक्टर की भी अधिक डिमांड है। पपीते का पाउडर भी बनाया जा सकता है। पपीते का उत्पादन कर मंडी में बेचने के साथ ही किसान इसके प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर ध्यान दें तो अधिक लाभ कमा सकते हैं।

### वायरस से बचाव के लिए नीम का तेल और शैंपू का घोल के छिड़काव करें

वैज्ञानिक मनोज कुमार साहू ने बताया कि पपीता की खेती को वायरस एवं बग्स से बचाने के लिए नीम के तेल के साथ शैंपू घोल कर छिड़काव किया जाना चाहिए। पपीते के पेड़ के आस-पास गेंदा फूल का पौधा लगाकर पपीते के पौधे को रोग से सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। सहायक संचालक कृषि ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। जल्द ही छत्तीसगढ़ उद्यानिकी प्रदेश के नाम से जाना जाएगा। कार्यशाला के समापन पर किसानों को पपीते के स्वस्थ पौधे वितरित किए गए। प्रश्नोत्तर सत्र में किसानों प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान किया गया।

# प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारणी की बैठक में निंदा प्रस्ताव का अनुमोदन

**रायपुर ( ए )।** प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारणी की बैठक राजीव भवन में संपन्न हुई। दीपक बैज के प्रदेश कांग्रेस कार्यभार संभालने के बाद यह विस्तारित कार्यकारणी की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व अध्यक्ष एवं मंत्री मोहन मरकाम, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी डॉ. चंदन यादव, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी सत्पगिरी शंकर उल्का, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, मंत्री कवासी लखमा, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष नंद कुमार साय, खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन उपस्थित थे।

बैठक में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफनिंदा प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने रखा जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रभारी कुमारी सैलजा ने समर्थन दिया तथा उपस्थित पदाधिकारियों ने दोनों हाथ उठा कर निंदा प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।




बैठक को संबोधित करते हुये प्रभारी कुमारी सैलजा ने नये अध्यक्ष दीपक बैज को बधाई एवं शुभकामनायें दिया तथा निवर्तमान अध्यक्ष मोहन मरकाम के कार्यो की सराहना करते हुये उनकी पार्टी के प्रति की गयी सेवाओं के लिये धन्यवाद दिया।

प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने मणिपुर में शांति बहाल करने के लिये कुछ भी नही किया, हम प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की कड़ी निंदा करते है। 15 साल बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आयी है। अब यहां शांति का माहौल है। आप सभी लोगों ने बहुत संघर्ष किया है और आपके मेहनत के कारण छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी। कांग्रेस सरकार ने 5 साल में बहुत काम किया है। मुझे गर्व होता है कि छत्तीसगढ़ में जमीनी स्तर पर कांग्रेस बहुत मजबूत है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने हर नागरिक तक विकास पहुंचाया है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। हमें लोगों के बीच जाकर अपने काम को बताना है। हमारे 90 सीटों पर प्रशिक्षण शिविर हो चुके है। बूथ का काम पूरा हो चुका है। हर कार्यकर्ता को अपना काम दिखाना है।

# बुढ़ेश्वर मंदिर में हरिहर स्वरुप में नजर आए भोलेनाथ

सभी देवी देवताओं के अस्त्र-शस्त्र व रतीक चिन्हों से सुसज्जित महादेव का दरबार

**रायपुर ( ए )।** सावन का महीना भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना वंदन का पवित्र महीना होता है, इस वर्ष सावन माह में अधिक मास की युति है, और इस माह को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है।

पुरुषोत्तम यानी भगवान विष्णु, अर्थात पुरुषोत्तम मास, सावन माह में होने की वजह से इस बार शिव और विष्णु दोनों की ही पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है।

भगवान विष्णु का एक नाम हरि है और भगवान शिव का एक नाम हर है। सोमवार को बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के हरिहर स्वरूप का श्रृंगार किया गया। साथ ही सम्पूर्ण ब्रह्मांड के



सभी देवी देवताओं के अस्त्र शस्त्र जो उन देवों के प्रतीक भी हैं और उन्हें धारण किये हुए हैं उन सभी वैदिक अस्त्र- शस्त्रों का निर्माण कर भगवान भोलेनाथ का दरबार सुसज्जित किया गया।

शास्त्रों में कुल 21 अस्त्रों के बारे में उल्लेख मिलता है, जिनमे कुछ अस्त्र रचना का कुछ अस्त्र संहार का कुछ अस्त्र शांति और मोक्ष का प्रतीक हैं। आज के श्रृंगार में इन्हीं 21 शस्त्रों का का निर्माण कर भगवान भोलेनाथ का मंदिर सजाया जाएगा। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार इन सभी शस्त्रों की रचना शिव द्वारा ही विभिन्न विशिष्ट प्रयोजनों और जनकल्याण हेतु कि गई है।

# करबला के शहीदों की याद में 150 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर ( ए )।** करबला के महान शहीद हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके 72 शहीदों की याद में रविवार को हैदरी ब्लड ग्रुप ने रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह ब्लड कैम्प रायपुर के मोमिन पारा स्थित हैदरी इमामबाड़ा में सुबह 10 बजे से किया गया जो कि शाम 6 बजे तक चला।

कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन और उनके साथियों का बड़ी बेरहमी से खून बहाया गया था। यहां तक कि छः माह के बच्चे के गले को भी लहू लुहान कर दिया गया था। उन्हीं महान बलिदानियों, जिनका संदेश था, जियो और जीने दो, को श्रद्धांजलि देने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पुरूषों के साथ साथ महिलाओ और नौजवानों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। इस



शिविर की सफलता में बिलासा ब्लड सेंटर का भरपूर सहयोग मिला, जिसकी समाज के लोगों ने जमकर प्रशंसा की।

इस शिविर में मानवता प्रेमीयों ने धर्म और जाति से ऊपर उठकर रक्तदान किया। इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम से मुहब्बत करने वाले, उनके मानने वाले, करबला की याद मनाने वालों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान करके करबला के शहीदों को श्रध्दांजलि दी। इस रक्तदान शिविर में 150 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इमाम हुसैन ने महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए समानता के अधिकार और कर्तव्यों की बात की थी। उसी से प्रेरित होकर इस हुसैनी रक्तदान शिविर में पर्दा नशीन महिलाओं का भी अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। कई महिलाओं ने रक्तदान किया और कई तो समय की कमी के कारण वंचित रह गयीं। पूरे देश मे मुहर्रम यानी इमाम हुसैन की दर्दनाक शहादत की याद में रक्तदान किया जाता है। इसी कड़ी में रायपुर में भी ये आयोजन किया गया। आयोजनकर्ता हैदरी ब्लड ग्रुप ने भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी आयोजनों का प्रण लिया और शिविर में आये समाज के नागरिकों और सभी के जन सहयोग के लिए उनको धन्यवाद दिया।

# मनवा कुर्मी समाज ने डॉ. खूबचंद बघेल के योगदान को किया याद

**रायपुर ( ए )।** डॉ. खूबचंद बघेल की 123वीं जयंती पर रविवार को ग्राम इकाई हिरमी ज्ञानोदय स्कूल परिसर में समारोह आयोजित किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा की उपस्थिति में सभी ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके समाज, प्रदेश को दिए गए योगदान को याद किया गया। प्रदेश के अनेक स्थानों पर डॉ. बघेल की जयंती मनाई जा रही है।

डॉ.खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जगाने और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले अग्रणी नेता थे। छत्तीसगढ़ के खान पान, रहन-सहन, बोली, भाषा को ऊपर उठाने में हमारे जिन महापुरुषों ने योगदान



दिया, उनमें डॉ. खूबचन्द बघेल सदैव अग्रणी रहे। उन्होंने जीवनभर किसानों, आदिवासियों के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए संघर्ष किया।

ये बातें केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ने अपने संबोधन में कही। खोड़सराम वर्मा, टेसूलाल धुरंधर, राज प्रधान धर्मेंद्र सरसीहा ने ने कहा कि डॉ.खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जगाने और संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले अग्रणी नेता थे। आभार व्यक्त दौलेश्वर वर्मा ने किया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# वर्कलोड ने बढ़ा दिया है मेंटल स्ट्रेस तो इस फॉर्मूले पर करें अमल, दूर हो जाएगी हर टेंशन

वर्कलोड का बढ़ता प्रेशर तनाव बढ़ाने का काम कर रहा है। कई बार काम के चक्कर में हम खुद को ही भूल जाते हैं। इससे काम भी सही तरह नहीं हो पाता है। जिसका असर हमारी मेंटल हेल्थ पर भी देखने को मिलता है। साइकोलॉजिस्ट के मुताबिक, ग्रोथ और इंक्रीमेंट समेत कई कारणों से हम तनाव को खुद पर हावी कर लेते हैं। इससे अंदर गिल्ट, एंग्जाइटी, लॉस ऑफ सेल्फ रिस्पेक्ट और अपने से ही नाराजगी हो जाती है। कई बार खुद का आंकलना करना भी इसकी वजह हो सकती है। जिससे कोई भी खुद को इनसिक्योर समझ लेता है। ऐसे में खुद को इससे बाहर लाने के लिए लाइफ में कुछ बातों को अपनाना चाहिए। आइए जानते हैं।

### नींद से समझौता न करें

दिनभर काम करने के बाद नींद भी भरपूर होनी चाहिए। यह आपकी मेंटल हेल्थ समेत ओवरऑल हेल्थ के लिए इंपॉर्टेंट होती है। नींद और मानसिक सेहत एक-दूसरे से जुड़े हैं। अगर नींद पूरी न हो तो मूड स्विंग, गुस्सा, उदासी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, 7 घंटे से कम नींद दिमाग की सेहत के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है। इसलिए बिना पूरी नींद लिए स्क्रीन से दूरी बनाए रखें। सोने और उठने का एक प्रॉपर समय बनाएं।

### एक्सरसाइज से करें दोस्ती

चाहे घर या ऑफिस। कहीं भी कुछ देर ही सही एक्सरसाइज के लिए समय निकालें। लगातार काम करने से पीठ, कंधों, कमर और गर्दन पर उसका असर पड़ता है। ऐसे में एक्सरसाइज से दोस्ती शरीर को दर्द और ऐंठन से राहत दे सकती है। सिंपल मूव्स के जरिए आप बॉडी को रिलैक्स बना सकते हैं। एक घंटे बैठने के बाद कुछ देर जरूर टहलें।

### कम से कम फोन चलाएं

दिनभर फोन में लगे रहना भी मेंटल समस्या को बढ़ाने का काम करता है। इसलिए सिर्फ बहुत इंपॉपर्टेंट कॉल्स ही एक्सेप्ट करें। रात को सोने से पहले अगर फोन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे मेलाटॉनिन हार्मोन प्रभावित होता है, जिसका सीधा कनेक्शन नींद से है। अगर सुबह उठते ही फोन देखने लगते हैं तो इससे अलर्टनेस और मूड बूस्टिंग नहीं हो पाता है।

### खुद के लिए ना कहना भी जरूरी

अगर ओवर बर्डन फील हो रहा है तो वर्कलोड से बचने की कोशिश करें। मेंटली तौर पर टायर्ड होने से काम पर फोकस नहीं हो पाएगा। ऐसे में खुद का ख्याल जरूरी हो जाता है। मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए ना कहना भी सीख लेना चाहिए। काम के दौरान थकान फील होने पर दूसरे प्रोजेक्ट्स को हाथ में न लें और खुद को कुछ समय रिलैक्स करने के लिए ब्रेक लें।

### दिमाग फ्रेश रखने रेगुलर ब्रेक्स भी जरूरी

लगातार एक जगह ही काम करने की बजाय उनकी परफॉर्मेंस ज्यादा बेहतर होती है, जो काम से ब्रेक लेकर खुद पर भी समय देते हैं। इससे दिमाग फ्रेश होता है और नए आइडियाज आते हैं। इसलिए कुछ देर काम करने के बाद कॉफी ब्रेक जरूरी होता है। कुछ समय कलीग्स से बातचीत में भी बिताएं। कम्युनिकेशन गैप खत्म होने से कई तरह की समस्याएं आती हैं।

## फिल्म बवाल की सक्सेस पर इमोशनल हुई जान्हवी कपूर

वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर बवाल हाल ही में एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। नितेश तिवारी की डायरेक्शन में बनी इस रोमांटिक ड्रामा में पहली बार दोनों स्टार ने एक साथ काम किया है। फिल्म को सोशल मीडिया पर पॉजिटिव रिव्यू मिल रही है। वहीं वरुण और जान्हवी को उनके परफॉर्मेंस के लिए काफी तारीफ भी मिल रही है। रविवार को, जान्हवी ने अपने फैंस को बवाल पर प्यार देने के लिए धन्यवाद कहा, जिसके लिए एक्ट्रेस ने एक लंबा नोट शेयर किया। फिल्म बवाल की रिलीज के कुछ दिनों बाद, जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के लिए एक नोट लिखा। जान्हवी ने उनके परफॉर्मेंस की सराहना करने और बवाल में उनके किरदार निशा पर प्यार बरसाने के लिए फैंस का आभार जताया। उन्होंने फिल्म के को- एक्टर वरुण धवन के साथ अपनी तस्वीरें भी शेयर कीं। एक्ट्रेस ने लिखा, आपका प्यार। बवाल रहा है। निशा को आपके प्यार के लिए, अज्जू को सुधारने के लिए, हमारी कहानी और काम को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद। कमेंट्स में फैन्स ने फिल्म और जान्हवी की एक्टिंग की तारीफ की। एक फैन ने लिखा, आपकी एक्टिंग बहुत पसंद आई। आपने अपनी माँ को प्राउड किया है, लव यू लड़की, जबकि एक अन्य ने कहा, तुम खुद बवाल हो, या फिल्म बवाल है। पोस्ट शेयर करने के तुरंत बाद जान्हवी के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया ने भी कमेंट की। बवाल में वरुण धवन इतिहास के टीचर अजय की भूमिका निभा रहे हैं और जान्हवी उनकी पत्नी निशा की भूमिका निभा रही हैं, जो मिर्गी की मरीज है। यूरोप में हनीमून मनाते समय, यह जोड़ा अपने रिश्ते में आने वाली परेशानियों से जूझता है।

# चेक करने पर मशीन हर बार अलग-अलग वेट बताती है, जानें वजन लेने का सबसे परफेक्ट टाइम क्या है?

वजन बढ़ाना हो या वजन घटाना जितनी मेहनत खाने पीने पर करते हैं, एक्सरसाइज में देते हैं, उतना ही जरूरी सही तरीके से वजन की जांच करना भी है। अक्सर वजन चेक करने के लिए वेट मशीन का इस्तेमाल होता है। जब वजन की माप अलग-अलग आ जाती है तो कंफ्यूज हो जाते हैं। कई बार तो यह भी लगता है कि ज्यादा खाने से ही मशीन ज्यादा वजन बता रही है। हालांकि, ऐसा होता नहीं है। न्यूट्रिशनिस्ट अपूर्वा अग्रवाल ने कुछ दिन पहले ही इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया किस तरह वजन को चेक करना चाहिए और कब। आइए जानते हैं।



### वीकेंड के बाद वजन चेक न करें

वीकेंड में अधिकतर लोग मनपसंद की चीजें खाते हैं और एक्सरसाइज स्किप करते हैं। ऐसे में जब वीकेंड के बाद वजन चेक करते हैं तो सही माप नहीं मिल पाती है। जब वजन ज्यादा आ जाता है तो कॉन्फिडेंस की कमी आ जाती है, जिसका असर वजन कम करने की प्रक्रिया पर पड़ता है।

### वर्कआउट के तुरंत बाद वजन चेक करना अवॉयड करें

वर्कआउट के तुरंत बाद वजन चेक करने से उसका सही-सही पता नहीं चल पाता है। दरअसल, एक्सरसाजि करने से बॉडी से ज्यादा पसीना निकल जाता है। इस कारण वजन का नाप सही नहीं आ पाता है।

### पीरियड्स और कब्ज में वजन चेक न करें

कभी भी पीरियड्स और कब्ज में वजन चेक करना अवॉयड करना चाहिए। पीरियड में ब्लोटिंग और वॉटर रिटेंशन के चलते वेट का सही जांच मिल पाना कठिन है। ठीक इसी तरह कब्ज में भी वजन कुछ ज्यादा हो जाता है। इसलिए दोनों ही कंडीशन वजन चेक करने के लिए सही नहीं है।

### वजन चेक करने का सबसे सही समय

अगर आप अपना वजन चेक करना चाहते हैं तो सबसे सही समय सुबह होती है। इस वक्त फअरेश होने के बाद आप अपना वेट चेक कर सकते हैं। इसके लिए मशीन पर ठीक तरह से खड़ा होना भी जरूरी होता हा। इससे आप सही वजन का पता लगा सकते हैं।

# हंसल मेहता की फिल्म से होश उड़ाएंगी करीना कपूर

निर्देशक हंसल मेहता पिछले कई दिनों से करीना कपूर खान के साथ एक फिल्म करने को लेकर चर्चा में हैं। इसके जरिए उन्हें पहली बार करीना संग काम करने का मौका मिला है और वह उनके मुरीद हो गए हैं। मेहता ने जब से करीना के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू की है, वह कई बार उनकी तारीफों के पुल बांध चुके हैं। हाल ही में उन्होंने करीना और फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर बातचीत की।

मेहता ने कहा, करीना के साथ काम करना खुशी की बात है। उनमें बिल्कुल भी अहम नहीं है। मेरा उनके साथ बिल्कुल वैसा ही तालमेल है, जैसा राजकुमार राव, मोहम्मद जीशान अय्यूब और करिश्मा तन्ना के साथ है। उन्होंने कहा, करीना के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। हमने शूटिंग का पूरा लुत्फ उठाया। करीना सचमुच एक बेहद शानदार अदाकारा हैं। उनकी जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है।

मेहता कहा, करीना का किरदार फिल्म में ऐसा है, जो उन्होंने इससे पहले आज तक नहीं किया। इस थ्रिलर फिल्म में करीना पुलिस की वर्दी पहने नजर आएंगी। वह फिल्म में एक दमदार पुलिसकर्मी की भूमिका में दिखेंगी। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मैं यह कहूंगा कि इस फिल्म के जरिए एक नई करीना आप सबके बीच आने वाली हैं। उनका किरदार उनकी पिछली फिल्मों से बिल्कुल जुदा है। उनकी फिल्मोग्राफी में एक बिल्कुल नई फिल्म जुड़ने जा रही है।

मेहता की इस फिल्म की कहानी लंदन में सेट की गई है, जो पुलिस के इर्द-गिर्द घूमती है। करीना का किरदार इस फिल्म के केंद्र में होगा। मेहता के मुताबिक, अभी तक करीना को दर्शकों ने ज्यादातर मसालेदार या रोमांटिक फिल्मों में देखा होगा, लेकिन इतने संजीदा किरदार में उन्हें देखना दर्शकों के लिए बेशक किसी तोहफे से कम नहीं होगा। बता दें कि करीना फिल्म अंग्रेजी मीडियम में भी पुलिस बनी थीं, लेकिन इसमें उनका किरदार प्रभावी नहीं था।

मेहता बॉलीवुड के उन फिल्मकारों में शामिल हैं, जिन्होंने अपने कंटेंट से अलग पहचान बनाई है। वह मुद्दापरक और संजीदा विषयों के लिए जाने जाते हैं। उनकी शाहिद, अलीगढ़ और सिटीलाइट्स जैसी फिल्मों को व्यापक स्तर पर सराहा गया। हाल-फिलहाल में वह वेब सीरीज स्कूप लेकर आए, जिस पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया। नेटफ्लिक्स के साथ मेहता की यह पहली सीरीज थी, लेकिन ये रिश्ता आगे भी नजर आएगा। मेहता नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर कई शो बनाने वाले हैं।

करीना, एकता कपूर की फिल्म द क्रू में दिखेंगी। सिंघम अगेन उनके खाते से जुड़ी है। करीना निर्देशक सुजॉय घोष के साथ अपनी पहली वेब सीरीज डिवोशन में काम कर रही हैं। वह कियारा आडवाणी के साथ भी एक फिल्म में नजर आने वाली हैं।



# पिंक शिमरी साड़ी में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती की खूबसूरती पर फैंस ने लुटाए दिल



एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपनी ग्लैमरस अदाओं और खूबसूरती से किसी को भी अपना बनाने का हुनर बखूबी जानती हैं। वहीं, उनकी पिंक साड़ी में स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने पिंक कलर की शिमरी साड़ी में बेहद ही स्टनिंग और ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। डीपनेक स्टाइलिश ब्लाउज के साथ अपनी बैक फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। फिल्मी करियर से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली रिया चक्रवर्ती अपने बोल्ड अंदाज से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराए रहती हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती की हसीन अदाएं, कमसिन अंदाज और कातिलाना आंखे किसी का भी दिल चुरा लें। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने ओपन हेयर स्टाइल और मेकअप में अपने हुस्न के जलवे दिखाए, जिन्हें देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। एक्ट्रेस इस आउटलुक में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। रिया चक्रवर्ती फिल्म एक्ट्रेस हैं, लेकिन फिल्मी करियर उनका कुछ खास नहीं रहा। साथ ही सुशांत केस के बाद उन्हें फैंस की काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### आंगनबाड़ी में भर्ती के लिए एक अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ परियोजना में विभिन्न कारणों से कार्यकर्ता, सहायिकाओं, मिनी कार्यकर्ता के पद रिक्त हुए हैं, जिनके नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सारंगढ़ के वार्ड-9/3 सहित ग्राम बोईरडीह और बासीनबहरा में तथा आंगनबाड़ी सहायिका, सारंगढ़ के वार्ड 3, वार्ड 9/3 सहित ग्राम टिमरलगा और नौरंगपुर में नियुक्त किया जाना है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 01 अगस्त 2023 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में कार्यालयीन दिवस और समय पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मिनी कार्यकर्ता पद हेतु बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं सहायिका पद हेतु आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस भर्ती में विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा महिलाओं को 15 अंक अतिरिक्त दिया जाएगा। नियुक्ति नियमावली व निर्देश के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता का पद पूर्णत अस्थाई या मानसेवी होगा। शासन द्वारा निर्धारित दर पर प्रति माह मानदेय भुगतान किया जायेगा। जिस ग्राम में आंगनबाड़ी पद रिक्त है आवेदिका उसी ग्राम की एवं नगरीय क्षेत्र के लिए उसी वार्ड की स्थानीय निवासी होना चाहिए। आवदेन पत्र के साथ निवास के संबंध में निम्न में से काई एक दस्तावेज संलग्न किया जावेगा, जिस वार्ड/ग्राम में आंगनबाड़ी पद रिक्त है उस वार्ड/ग्राम की अद्यतन मतदान सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसका उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए या संबंधित ग्राम के सरपंच तथा सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों हेतु वार्ड पार्षद या पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जिसमें वार्ड/ग्राम में निवासरत रहने का पता का स्पष्ट उल्लेख हो। आवेदिका का उम्र 18 वर्ष से कम तथा 44 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की तिथि से की जायेगी। आवेदिका को आवेदन करते समय अपने दस्तावेजो में स्व प्रमाणित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। आवेदन में वर्तमान का नवीन पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करना अनिवार्य होना।

### कुपोषित बच्चों के घर जाकर बता रहे सही खानपान और जीवनशैली के तरीके

**रायगढ़।** जिले में कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य की देखभाल और मॉनिटरिंग के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर 20 जुलाई से पूरे जिले में गृह भेंट अभियान शुरू किया है। यह अभियान अगले 30 जुलाई तक चलेगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पिछले दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कुपोषित बच्चों के घर जाकर गृहभेंट करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि कुपोषण से निकालने के लिए प्रभावित बच्चों के पालकों को सही खानपान और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दें। जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल करें। कुपोषित बच्चा नियमित रूप से पोषण आहार ले, इसकी मॉनिटरिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का फॉलोअप लेने और उन्हें भी स्वास्थ्य संबंधी सलाह देने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग टी.के.जाटवर ने बताया कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देशानुसार जिले में चिन्हांकित 0-6 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों के घरों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका जाकर सही पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच संबंधी जानकारी दे रही हैं। साथ ही गर्भवती महिलाओं से भी भेंट कर उन्हें नियमित एएनसी चेकअप, पोषण आहार, सुरक्षित और संस्थागत प्रसव के तरीके और लाभ बता रही हैं। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई से गृह भेंट अभियान की शुरुआत हुई है, जो आगे 30 जुलाई तक जारी रहेगा।

### केन्द्र सरकार ने पद्म अवार्ड के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किया

**सारंगढ़।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने भारत के सर्वोच्च पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री) वर्ष 2024 के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किया है। पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप योग्य-पात्र व्यक्तियों का नामांकन प्रस्ताव जिला कलेक्टर के अनुशंसा के बाद सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय को भेजी जाएगी। इसलिए योग्य व्यक्ति या संस्था जिसने उत्कृष्ट कार्य किया है, वे अपने नामांकन करने के बाद जिला कलेक्टर को अनुशंसा के लिए भेजें। जिला कलेक्टर से इन नामांकन पत्रों को सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर ने 30 अगस्त 2023 तक मंगाया है। सभी जिले के कोई भी योग्य व्यक्ति या संस्था नामांकन के बाद निर्धारित समय अवधि में कलेक्टर से नामांकन की प्रति में अनुशंसा करा सकते हैं। गृह मंत्रालय से जारी पत्र के अनुसार पद्म पुरस्कार अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान की जाती है।

# शिवरीनारायण में सहकारी बैंक के नए भवन और एटीएम का शुभारंभ

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर ने जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में सहकारी बैंक के नवीन शाखा भवन का लोकार्पण एवं नवीन एटीएम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राज्य गौ सेवा आयोग राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास और अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर प्रमोद नायक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित किसान सम्मान समारोह में किसानों का सम्मान भी किया गया। यहां एटीएम का शुभारंभ होने से किसानों को राशि का आहरण करने में सुविधा उपलब्ध होगी।**



समारोह में किसानों को एटीएम कार्ड जारी किया गया। अब कोआपरेटिव्ह बैंकों के किसान यूपीआई सुविधा से जुड़ जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुसार सहकारी बैंकों की नवीन शाखाए खोलने की आवश्यक कार्यवाही नाबार्ड एवं रिजर्व बैंक स्तर पर की जा रही है। शीघ ही सहकारी बैंकों की बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलो में किया जाएगा। समितियो की आर्थिक सुदृढ़ता के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 217 करोड़ रूपए प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों की सरकार है। पिछले पौने पांच साल से किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिलने लगा है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार बनते ही किसानों का ऋष्ा माफकिया गया। देश में छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा है धान का सर्वाधिक मूल्य। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत धान उत्पादक किसानों को 9 हजार प्रति एकड़ के मान से आदान सहायता दी जा रही है। श्री चन्द्राकर ने कहा कि इस समय प्रदेश में कोआपरेटिव्ह बैंक की 329 शाखाएं है, जिसमें 192 एटीएम संचालित है। किसान समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास ने कहा कि गोधन न्याय योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की महत्वांकाक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में छत्तीसगढ़ पहली सरकार है, जो कि गोबर तथा गौमूत्र की खरीदी कर रही है। इससे किसानों, पशुपालकों तथा महिलाओं में आर्थिक मजबूती आई है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष श्री प्रमोद नायक ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार बनते ही किसानों की बेहतरी के लिए लगातार काम हुआ है। छत्तीसगढ़ में समितियों का पुनर्गठन करते हुए 725 नवीन सहकारी समितियां बनाई गई। इन समितियों के लिए 185 करोड़ गोदाम सह-कार्यालय निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति दी गई। जल्द ही समितियो का कम्प्यूटरीकरण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला सहकारी बैंक से संबद्ध सभी किसानों को एटीएम कार्ड जारी किया जाएं।

समारोह में अध्यक्ष शाकम्भरी बोर्ड रामकुमार पटेल, राघवेंद्र कुमार सिंह, रवि परसराम भारद्वाज, सदस्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड नारायण खडेलिया, सदस्य राज्य खाद्य आयोग श्रीमती ज्योतिकिशन कश्यप, उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर राघवेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण श्रीमती अंजनी मनोज तिवारी, प्राधिकृत अधिकारी कृषक सेवा सहकारी समिति शिवरीनारायण ब्रजेश केशरवानी सहित अपेक्स बैंक लेखा अधिकारी प्रभाकर कांत यादव, अश्वनी पांडेय नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जांजगीर, शाखा प्रबंधक शंकर लाल साहू तथा सहकारी जनप्रतिनिधि और किसान मौजूद थे।

## रेलवे चलाएगा इकोनॉमी ट्रेनें, कम किराए में सफर कर सकेंगे श्रमिक व कामगार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे श्रमिकों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। ये ट्रेनें पूरे साल चलेंगी। जनता एक्सप्रेस नाम से एसी जनरल कैटेगरी वाली ट्रेनें उन शहरों के बीच दौड़ेंगी जहां श्रमिकों का आना-जाना ज्यादा होता है। इन ट्रेनों में 22 से 26 कोच होंगे। इन्हें मौसमी के बजाय पूरे साल स्थायी रूप से चलाया जाएगा। नियमित टाइम टेबल में भी शामिल किया जाएगा, जिससे यात्री पहले से रिजर्वेशन करा सकेंगे। इन ट्रेनों में स?लीपर और जनरल कोच ही होंगे। रेलवे की योजना जनवरी 2024 से इन ट्रेनों को शुरू करने की है। इनका किराया भी सामान?य ट्रेनों से कम हो सकता है।

रेलवे ने बताया है कि इन ट्रेनों में सिर्फ स्लीपर और जनरल कोच ही होंगे और इन ट्रेनों को 2024 तक शुरू करने का प्लान बनाया है। माना जा रहा है कि इन ट्रेनों का किराया सामान्य ट्रेनों की तुलना में कम होगा। यह ट्रेनें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, पंजाब, असम, गुजरात और दिल्ली के बीच चलाई जाएंगी। इन राज?यों से ही ज?यादातर कामगार, कारीगर, मजदूर और अन?य लोग आते हैं और फिर वापस घर जाते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिन भी शहरों में प्रवासी श्रमिकों का आना-जाना बड़ी संख्या में होता है। उन रूट्स पर मुख्य रूप से इन ट्रेनों को चलाया जाएगा, जिससे कि श्रमिकों को ज्यादा परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही इन लोगों को आसानी से कंफर्म टिकट मिल जाए। रेलवे अधिकारियों ने बताया है कि इन ट्रेनों को त्योहार में चलाई जाने वाली ट्रेनों से अलग चलाया जाएगा और इनका संचालन पूरे साल भर होता रहेगा। इसके साथ ही हाल ही में रेलवे ने जनरल डिब्बों में सफर करने वालों को किफायती दामों पर खाना और पानी उपलब्ध कराने का फैसला लिया है।

## मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने सादगी से मनाया अपना जन्मदिन

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने आज राजधानी स्थित अपने शासकीय निवास सतनाम सदन में जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी सादगी से अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ केक काट कर अपने जन्मदिन की खुशियां साझा की।



मंत्री गुरू रूद्रकुमार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव और कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने उन्हें ट्वीट कर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों, किसानों और मजदूरों की सरकार है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार राज्य के सभी वर्ग के लोगों के लिए योजनायें बनाई है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर और खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र तिवारी, अध्यक्ष माटीकला बोर्ड श्री बालम चक्रधारी और गुरू खुशवंत ने मंत्री गुरू रूद्रकुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की।

उल्लेखनीय है कि मंत्री गुरू रूद्रकुमार रथ में सवार होकर आए उनका स्वागत डण्डा नृत्य से किया गया। इसके साथ ही उनके ऊपर रंग-बिरंगे गुब्बारे व फूलों की वर्षा की गई। इस अवसर पर दुर्ग जिले और प्रभार वाले जिले मुंगेली के जनप्रतिनिधि, अहिवारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती रात्रे, पद्मश्री श्रीमती उषा बारले, कैलाश नाहटा, राजेश दाण्डेकर, अमनदीप सिंह, मनीष बंजारे सहित सत समाज के राजमहंत, जिला महंत, भण्डारी, साटीदार सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी और उनके शतायु होने की कामना की।

## प्रदेश में 4 सालों में नदी तट के 4 हजार से अधिक हेक्टेयर रकबा हरीतिमा से आच्छादित

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में विगत 04 वर्षों के दौरान 'नदी तट वृक्षारोपण' कार्यक्रम के तहत 40 विभिन्न नदियों के तट पर 46 लाख 76 हजार 729 पौधों का रोपण किया गया है। इसके रोपण से नदी तट के 4 हजार 321 हेक्टेयर रकबा हरीतिमा से आच्छादित और फल-फूल के पौधों से सुरभित हो रहे हैं, जो विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा नदी तट रोपण का कार्य किया गया। इनका रोपण कैम्पा तथा विभागीय मद सहित नदी तट वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत किया गया है। नदी तट रोपण कार्यक्रम के तहत विगत 04 वर्षों के दौरान शामिल नदियों में शिवनाथ, इन्द्रावती, फुलकदेई, केंदई, लीलागर नदी, महानदी, हसदेव, आगर, रेड नदी, मेघानाला, झींका नदी, केलो नदी, मोरन, सोंढूर, ईब नदी, पैरी नदी, तान्दुला, नारंगी, बांकी नदी, गलफुला, हसदो नदी, नेउर नदी, केवई, खटम्बर, भैसुन, चूंदी, भवई नदी, बनास नदी, रांपा नदी तथा भुलू नदी, महान नदी आदि शामिल हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि इनमें वर्ष 2019 के दौरान नदी तट वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 831 हेक्टेयर रकबा में 9 लाख 14 हजार पौधों का रोपण किया गया। इसी तरह वर्ष 2020 के दौरान 845 हेक्टेयर रकबा में 8 लाख 77 हजार पौधों, वर्ष 2021 के दौरान 01 हजार 647 हेक्टेयर रकबा में 17 लाख 87 हजार पौधों और वर्ष 2022 के दौरान 999 हेक्टेयर रकबा में 11 लाख पौधों का रोपण किया गया है।

प्रदेश में नदी तट वृक्षारोपण कार्य से 9 लाख 63 हजार मानव दिवस रोजगार का सृजन हुआ है। साथ ही नदी तट कार्यक्रम अंतर्गत कृषि कार्य तथा सब्जी उत्पादन जैसे कार्यों से निकटवर्ती 372 ग्रामों के लोग सीधे-सीधे लाभान्वित हुए हैं।

नदी तट वृक्षारोपण के फलस्वरूप एक ओर जहां स्थानीय ग्रामीणों को वृक्षारोपण कार्यों से रोजगार की प्राप्ति हुई है, वहीं दूसरी ओर नदी तट के समीपस्थ किसानों को भूमि कटाव की कमी से कृषि कार्य में सुविधा तथा उत्पादन में वृद्धि का भी लाभ प्राप्त हो रहा है। इसके तहत फलदार पौधों के वृक्षारोपण से ग्रामीणों की आय में बढ़ोत्तरी भी हो रही है। इसके अलावा स्थानीय ग्रामीणों अंतर्वतीय फसल तथा नदी किनारे सब्जी उत्पादन का कार्य भी कुशलतापूर्वक कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से संवरने लगे स्कूल

# रंगाई-पोताई कार्य गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से, स्कूल भवन लग रहे आकर्षक

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब जिले के स्कूल संवरने लगे हैं। जिले में योजना अंतर्गत शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरुप स्कूलों के कायाकल्प होने से अब बच्चों को पढ़ाई हेतु बेहतर परिवेश मिलेगा, जिससे बच्चों में पढ़ाई हेतु एक नई उमंग पैदा होगी।**



मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में अब तक प्रदेश में 1914 स्कूल भवनों का कायाकल्प किया जा चुका है। योजना के तहत स्कूलों में छतों को सुधार, टाईल्स, दीवारों में रंग-रोगन, शौचालयों की रिपेयरिंग के साथ ही स्कूल की साज-सज्जा भी की जा रही है। जिले में स्कूलों के रंगाई का कार्य गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से किया जा रहा है, इससे स्कूल भवन देखने में काफी आकर्षक नजर आ रहे हैं। जिन स्कूलों में कार्य पूरा हो गया है, वे बिल्कुल नए स्वरूप में नजर आ रहे हैं। इससे अब उन स्कूल के बच्चों को बेहतर परिवेश में सुविधाएं प्राप्त होंगी। स्कूल भवन पहले जर्जर हालत में था, बारिश के दिनों में यहॉ के छत से पानी टपकता था, अब छत के मरम्मत होने से पूरी तरह ठीक हो गया है, इससे बच्चे भी सुरक्षित रहेंगे और पढ़ाई करने में उनका मन भी अच्छे से लगेगा। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से बच्चों को अब बेहतर स्कूल भवन मिलेगा और वे अच्छे से पढ़ाई कर सकेंगे।

योजना के तहत जिलों से पोर्टल में 29162 शालाओं की प्रविष्टि हुई है। जिसकी लागत 2133.60 करोड़ रूपये है। वर्तमान में कार्य प्रारंभ करने हेतु 477.06 करोड़ रूपये प्रथम किश्त जिलों को जारी की जा चुकी है। अब तक 1914 कार्य वर्तमान में पूर्ण हो चुके है और 14 हजार से अधिक कार्य प्रगति पर है।

### संसदीय सचिव ने किया साहू समाज के भवन में शेड निर्माण का लोकार्पण

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम पंचायत बिरकोनी में साहू समाज के सामुदायिक भवन में निर्मित शेड निर्माण का लोकार्पण किया। शेड निर्माण होने से सामाजिक पदाधिकारियों को सहुलियत हो सकेगी। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया। ग्राम पंचायत बिरकोनी में को साहू समाज के भवन में शेड निर्माण का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, मानिक साहू, तुलसराम साहू, नंदकुमार साहू मौजूद थे। पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने शेड निर्माण का लोकार्पण किया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास-खबर



### किराए का मकान खोजने घर में घुसी थी महिला, सोने-चांदी से भरा बैग किया पार, गिरफ्तार

**मुंगेली ( ए )।** मुंगेली पुलिस ने 5 घंटे में एक बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला किराए के मकान खोजने के बहाने घर में घुसी थी। जिसके बाद आसपास किसी के नहीं होने से सोने-चांदी से भरा बैग लेकर फरार हो गई थी। बैग में जेवरात और कैश मिलाकर 28 लाख रुपए थे। पूरा मामला मुंगेली थाना इलाके का है।

पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि 22 जुलाई को अंबेडकर वार्ड के कोमल सिंह ठाकुर ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने पड़ोसियों के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी के 5 घंटे के अंदर सामान सहित आरोपी महिला को पकड़ लिया। बरामद कुल 28 लाख 90 हजार के सामान में 38 तोला सोने के जेवर, 4 किलो चांदी कुल कीमत 25 लाख 72 हजार और नगद 3 लाख 90 हजार रुपए थे।

फुटेज के आधार पर महिला एक गोलगप्पे ठेला के पास आकर रुकी थी। जिसके बाद पुलिस ने गोलगप्पे वाली से पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी महिला डेयरी के पास से किसी बाइक में बैठकर निकली है।

#### डेयरी वाले से पूछताछ में मिला बड़ा सुराग

डेयरी वाले से पूछताछ में पता चला कि, वह महिला उनकी ग्राहक है जो कई साल से उनके दुकान से खरीदी करती है और विनोबा नगर वार्ड में रहती है। जिसके बाद पुलिस ने उसके घर पहुंचकर छज्जे से सारा सामान उसी बैग में बरामद कर लिया गया। साथ ही आरोपी महिला प्रतीक्षा ठावरे जो बालाघाट की रहने वाली है उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# भोपाल से दो युवकों का अपहरण, भिलाई के होटल में रखा बंधक, छुड़ाकर लाई सुपेला पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भोपाल से दो युवकों का अपहरण भिलाई के होटल में रखे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सुपेला टीआई को धमतरी निवासी शख्स ने फोन कर बताया कि उसके बेटे व बेटे के दोस्त को कुछ लोग भोपाल से अगुवा कर भिलाई में बंधक बना रखा है। सूचना के बाद सुपेला पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए न सिर्फ अपहृत युवकों को सकुशल बरामद किया बल्कि रात भर गश्त कर आरोपियों को भी दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ सुपेला पुलिस ने धारा- 294, 323, 506, 364क, 365, 387, 109, 34 के तहत कार्रवाई की।




दरअसल यह पूरा कांड महादेव एवं अन्ना रेड्डी एप के संचालक सौरभ चन्द्राकर, रवि उप्पल एवं दीपक नेपाली के गुर्गों ने एप में हुए घाटे को वसूलने के लिए किया था। 22 जुलाई की रात को धमतरी निवासी रामकृष्ण साहू ने सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा को मोबाइल पर सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र योगेश साहू व उसके दोस्त सन्नी सिन्हा को कुछ लोगों ने भोपाल से बंधक बनाकर भिलाई लेकर पहुंचे हैं और सुपेला के किसी होटल रखकर मारपीट की जा रही है। साथ इनके द्वारा फिरौती की मांग की जा रही है।

सूचना के बाद उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर थाना प्रभारी सुपेला दुर्गेश शर्मा, एसीसीयू प्रभारी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों को बनाया गया। चंद घंटों में पुलिस की टीम ने दोनों अपहृत युवकों को छुड़ा लिया। वहीं इनका अपहरण करने वाले भाग गए। इसके बाद पुलिस ने सारी रात ऑपरेशन चलाया और घटना में शामिल शाहरूख खान उर्फ आशु, चन्द्रेश वर्मा उर्फ पप्पू, राहुल सिन्हा व आकाश साहनी को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया।

आरोपियों के पास से मोबाइल, कार, बाइक कीमती करीबन 12 लाख बरामद किया गया। इस पूरी कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम प्रभात कुमार, निरीक्षक दुर्गेश शर्मा थाना प्रभारी सुपेला, उप निरीक्षक सतीश साहू, लखेश गंगेश, एएसआई दिनेश सिंह, राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक भरत यादव, प्रकाश चंद्र तिवारी, अमर सिंह, आरक्षक कपिल चैधरी, सुरेन्द्र गिरी, विशाल सिंह, अजीत सिंह, जुनैद सिद्धीकी, महात्मा साहू, फराज खान, विक्रम भदौरिया, लोकेश परिहार आदि का विशेष योगदान रहा।

# बिलासपुर में खेत जा रहे परिवार पर गिरी बिजली, युवक की मौत, पत्नी व मां झुलसे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** इन दिनों छत्तीसगढ़ में मानसून अपने चरम पर है। कई जिलों में बारिश हो रही है। साथ ही बिजली का कहर भी देखने को मिल रहा है। रविवार को बिलासपुर जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। वहीं उसकी मां व पत्नी भी इससे झुलस गए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर ग्रामीण जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने झुलसी महिलाओं को अस्पताल पहुंचाया। घटना मामला तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम नगोई ग्राम का है।

मिली जानकारी के अनुसार तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगोई निवासी सुखदेव



साहू (35) अपनी पत्नी अन्नपूर्णा साहू (33) और मां कुंवारा बाई (55) के साथ रविवार दोपहर करीब तीन बजे खाना खाने के बाद टीहुलाडीह बहरा नार स्थित अपने खेत में बोवाई करने गए थे। इस बीच अचानक मौसम बदल गया और तेज बारिश होने लगी। बारिश के साथ बिजली कड़की और खेत में गिरी। बिजली की चपेट में आने से सुखदेव साहू की मौके पर मौत हो गई। कुछ दूरी पर काम कर रही उसकी मां कुंवारा बाई और पत्नी अन्नपूर्णा साहू झुलस गए।

हादसे की जानकारी के बाद मौके पर ग्रामीण जमा हो गए और दोनों घायलों को तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि कुंवारा बाई की हालत काफी गंभीर है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर तखतपुर थाना पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर प्रशासन ने बारिश के मौसम में आकाशीय बिजली से बचने ग्रामीणों को अलर्ट किया है।

पांच साल की मासूम से दुष्कर्म

## आरोपी 14 साल का नाबालिग, घुमाने के बहाने ले गया था बच्ची को



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का आरोपी भी 14 साल का नाबालिग है जो घुमाने के बहाने बच्ची को ले गया था। मोहल्ले वालों ने बच्ची को रोते हुए देखा तो उसके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद ही यह मामला खुला। परिजनों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस नाबालिग आरोपी की तलाश कर रही है। मामला मामला दर्री थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली पांच साल की बच्ची रविवार को घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान मोहल्ले में रहने वाला 14 साल का लड़का पहुंचा और उसे घुमाने के बहाने ले गया। बताया जा रहा है कि बच्ची को वह बस्ती में लगे ट्रांसफॉर्मर के पास पीछे के रास्ते पर ले गया और दुष्कर्म किया और वहीं छोड़कर भाग निकला। कुछ देर बाद वहां के लोगों ने उसे रोते देखा तो बच्ची के माता पिता को इसकी जानकारी दी। परिजन वहां पहुंचे तो देखा कि बच्ची का रो-रोकर बुरा हाल था। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और मामले की जानकारी दी। इसके बाद बच्ची का मेडिकल कराया गया। पुलिस में शिकायत की जानकारी मिलने के बाद नाबालिग वहां से भाग गया। पुलिस नाबालिग आरोपी की तलाश कर रही है।

# प्लास्टिक की बोरियों के अंदर टुकड़ों में मिली युवक की लाश

**जशपुर (ए)।** जिले के छुरी जलप्रपात के पास दो प्लास्टिक की बोरियों में एक युवक की सड़ी-गली लाश टुकड़ों में मिली है। पुलिस ने शुरुआती जांच में हत्या की आशंका जताई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि लाश लगभग एक महीने पहले गुम युवक की हो सकती है। मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झारगांव बरटोली का रहने वाला रामचंद्र नगेशिया पिछले एक महीने से लापता है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सन्ना थाना क्षेत्र के सोनक्यारी चौकी में एक महीने पहले दर्ज कराई गई थी। इधर शनिवार शाम छुरी जलप्रपात में सड़ी-गली हालत में दो बोरों में बंद टुकड़ों में एक युवक की लाश मिली है। कुछ ग्रामीण वॉटरफॉल के पास घूमने गए थे, तो उन्हें किसी चीज की तेज बदबू आई, जिसके बाद उन्होंने वहां पड़ी 2 बोरियों को खींचा।

इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोरियों को खुलवाया, तो उसमें युवक की लाश के टुकड़े मिले। लाश पूरी तरह से सड़ चुकी है, इसलिए उसकी पहचान करनी मुश्किल हो रही है। हालांकि पुलिस ने अनुमान लगाया है कि ये लाश एक महीने पहले लापता हुए रामचंद्र नगेशिया की हो सकती है। इसकी पुष्टि के लिए शवों के टुकड़ों की फॉरेंसिक जांच की जाएगी।

जांच के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को अंबिकापुर से बुलाया गया है, साथ ही रामचंद्र के परिजनों को भी सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। अब लाश के डीएनए और अन्य टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि लाश रामचंद्र की है या फिर नहीं।

एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ने बताया कि लाश कई टुकड़ों में मिली है। उसके हाथ-पैर समेत शरीर के अन्य अंग काटे गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा लग रहा है कि युवक की हत्या के बाद उसके अंगों को काटकर प्लास्टिक की बोरियों में भरा गया और फिर यहां लाकर फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जा सकेगी। आरोपियों की तलाश के लिए शव का शिनाख्त होना भी जरूरी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## बाढ़ में फंसे सैलानियों का किया रेस्क्यू, काबू में हालात

**गरियाबंद (ए)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद के चिंगरा पगार झरना गए करीब एक हजार से ज्यादा सैलानी बाढ़ में फंस गए थे। लेकिन अब हालात को काबू में कर लिया गया है।



जानकारी के मुताबिक चिंगरा पगार झरना स्थल जाने से पहले पड़ने वाले बरसाती नाला में अचानक बाढ़ आ गई थी। दरअसल, दोपहर तेज बारिश के बाद झरना व नाले का जलस्तर अचानक बढ़ गया था। सैलानियों के फंसने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस व बाढ़ आपदा मोचन टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। राहत व बचाव टीम रस्सी के सहार एक छोर से दूसरे छोर तक लोगों को सुरक्षित निकाला।

# पैंगोलिन स्केल की तस्करी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद (ए)।** वन्य प्राणियों की हत्या और तस्करी के मामले में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटीपोचिंग टीम को लगातार सफलता मिल रही है। शनिवार को पकड़े गए दो आरोपी लालधर और टीकम के बयान और मोबाइल से मिले सबूत के आधार पर टीम ने एक और आरोपी संतोष मांझी को ओडिशा पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। संतोष के पास से 1 किलो 80 ग्राम पैंगोलिन स्केल (साल खपरी की छाल) बरामद हुआ है। टीम के मुताबिक संतोष मांझी नवरंग वाले प्रकरण में संलिप्त था।



उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि 20 जुलाई पकड़े गए दो आरोपी लालधर पिता हरिसिंग गाड़ा और टीकम पिता नीलधर जाति गाड़ा से पूछताछ में नवरंगपुर प्रकरण में ओडिशा के तीन अन्य लोगो के शामिल होने के सबूत मिले थे। जिसके आधार पर टीम ने 21 जुलाई को ओडिशा के नवरंगपुर जिला अंर्तगत झरीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम नुवागांव निवासी संतोष मांझी व बलदेव मांझी तथा चंदाहांडी थाना क्षेत्र के ग्राम राजकोट निवासी दामूधर जोगा के यहां छापा मारा। इस दौरान बलदेव मांझी और दामूधर वहां से फरार हो गए। टीम को संतोष मांझी और पवन मांझी को नुवागांव से पकड़ने में सफलता मिली। जिसमे संतोष के पास से बरामद 1 किलो 80 ग्राम पेंगोलिन स्केल को जप्त किया गया।

उपनिदेशक वरुण जैन बताया की आरोपी ओडिशा के होने के चलते एन्टीपोचिंग टीम ने छापामार कार्यवाही के पहले 21 जुलाई को ओडिशा के झरीगांव थाना पुलिस से संपर्क कर उनकी मदद ली गई। संयुक्त रूप से कार्यवाही में संतोष मांझी, पवन मांझी को झरिगांव पुलिस थाना में सूचना देकर वन परिक्षेत्र इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर कार्यालय में पूछताछ के लिए लाया गया रविवार को दोनो से हुई पूछताछ के बाद पवन मांझी वन अपराध मे संलिप्त नही पाए जाने पर उनके परिजनों को बुलाकर छोड़ दिया गया। वही संतोष को गरियाबंद न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल भेज दिया गया। वही फरार आरोपी बलदेव, दामूधर, जोगा का छत्तीसगढ़ वन विभाग की एन्टीपोचिंग टीम पतासाजी कर रही हैं।

इस कार्यवाही मे एन्टीपोचिंग टीम के सदस्य डोमार सिंह साहू, परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उदंती देवनारायण सोनी परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती, दानवीर चिण्डा, गंगाराम ठाकुर, पुनाराम साहू, मनोज ध्रुव, फलेश्वर दीवान, रोहित निषाद, ऋषि ध्रुव, विरेन्द्र ध्रुव, ओम प्रकाश राव, राकेश मार्कडे , चुरामन घृतलहरे, पुनीत, जानकी बाई, शाहरुख खान, वरुण साखरे एवं थाना झरीगांव, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) पुलिस स्टॉफका विशेष योगदान रहा।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### मुकेश के नगमों से गुलजार हुई ट्रिपल-एम की महफिल

**भिलाई।** इस्पात नगरी की इंडो-रशियन गीत संगीत संस्था मेटलर्जिकल म्यूजिक मेकर्स (ट्रिपल एम) ने 22 जुलाई की दोपहर महान पार्श्व गायक मुकेश चन्द्र माथुर की जन्म शतवार्षिकी मनाई। बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के सहयोग से प्रगति भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में ट्रिपल एम से जुड़े लगभग दर्जन भर कलाकारों के अलावा ओए के संगीत प्रेमियों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष ज्ञान चतुर्वेदी एवं संयुक्त सचिव अलका शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि ओए अध्यक्ष व सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर का स्वागत किया। आरंभ ने अतिथियों ने पार्श्व गायक मुकेश के पेन्सिल पोर्ट्रेट पर माल्यार्पण एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कल्याण महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक राकेश शर्मा, महिला समाज की रजनी बलैया एवं स्वयंसिद्धा की डॉ अलका दास सहित ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिखा मोइत्रा,अलका शर्मा, रजनी आर्या, संजय मोरे, राजवीर शरण दास, सतीश जैन, श्याम शेखर, राजेंद्र जोगलेकर, दीपक रंजन दास, वेंकट सुब्रमण्यम डॉ. अनंत केकरे,ज्ञान चतुर्वेदी,दो अतिथि कलाकार डॉ. पाटिल और श्री पांडे ने प्रभावी प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को बांधे रखा। सभी कलाकारों ने पार्श्वगायक मुकेश के अपने पसंदीदा गीत पेश किए।

### शहर के 50 साल पुराने इमामबाड़े की हालत दयनीय

**भिलाई।** इन दिनों मुस्लिम समुदाय कर्बला के शहीदों को याद कर रहा है और दूसरी तरफ इस आयोजन के लिए 50 साल पहले सुपेला में बनाया गया इमामबाड़ा दयनीय हालत में है। तीन दशक पहले अतिक्रमण हटाने की मुहिम के दौरान विस्थापित किए गए अंजुमन शहीदीया के इमामबाड़े से होकर नाले की गंदगी बहती है और अंजुमन के तमाम ज्ञापनों के बावजूद अब तक शासन-प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली है। अंजुमन शहीदीया सुपेला चौक स्थित सबसे पुराने इमामबाड़े के संरक्षक हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि यहां 1975 से लगातार हर मुहर्रम में आयोजन हो रहे हैं। जिसमें सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेतागण व समाज के गणमान्य लोग शिरकत करते रहे हैं। लेकिन 1992 में तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार की अतिक्रमण हटाओ मुहिम के दौरान इस इमामबाड़े को विस्थापित किया गया और इसके बाद से इस इमामबाड़े की हालत दयनीय होती गई है। हाजी सिद्दीकी ने बताया कि अंजुमन के लोगों ने इसे कई बार बनाया। लेकिन इसके बाद निगम प्रशासन ने इसके चारों तरफ नालियों की खुदाई कर दी। फिर नालियों पर स्लैब ढाला गया। विगत दो-तीन वर्षों से नाले की सफाई के नाम से वह सारे स्लैब हटा दिए गए हैं।

### सभी वार्ड पार्षदों तक पहुंचेगी आर्टकॉम की टीम : निशु पाण्डेय

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ की पर्यावरण के लिए समर्पित संस्था आर्टकॉम का अभियान हर आँगन एक पेड़ वार्ड 42 खुर्सीपार पहुँचा,वार्ड पार्षद विनोद सिंह के नेतृत्व में आर्टकॉम से सदस्यों ने वृहद वृक्षारोपण किया। संस्था संचालक निशु पाण्डेय ने बताया कि आज हमने खुर्सीपार के सैकड़ों निवासियों के साथ पौधों का रोपण किया , इसके पश्चात पाण्डेय ने वार्ड पार्षद विनोद सिंह व वहाँ से स्थानीय निवासियों को अपने वार्ड में 1000 पौधें लगाने का व घर घर पहुचाने का प्रण दिलाया जिससे खुर्सीपार को सेक्टर जैसे बनाया जा सके इसे वार्ड पार्षद ने सहर्ष स्वीकार किया। युवा वर्ग वृहद संख्या में पौधें रोपण हेतु उपस्थित थे वार्ड नंबर 42 गौतम नगर से पार्षद विनोद सिंह, प्रकाश यादव, शेखर , हैप्पी सिंह ,आजाद ,गिरी साहू आदि लोग उपस्थित थे।

### भिलाई पहुंचे सीएम बघेल, कहा-

# भाजपा काम नहीं कनफ्यूजन पैदा करती है, टाउनशिप के लोगों को भी जल्द मिलेगा हाफ बिजली बिल का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश रविवार रात को भिलाई पहुंचे। कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित डॉ खूबचंद बघेल की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने भाजपा पर हमाला बोला। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा काम नहीं करती बल्कि कन्फ्यूजन पैदा करती है। हाउस लीज के रजिस्ट्रेशन को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा वाले पैसा ले लिए और मालिक भी नहीं बनाया, हम तो अभी रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टाउनशिप के लोगों को भी जल्द बिजली बिल हाफयोजना का लाभ मिलेगा। कैबिनेट में इसे रखा जाएगा और पूरे भिलाई वासियों को इसका लाभ दिया जाएगा।**




इससे पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कला मंदिर में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह समाज के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कहा कि डॉ खूबचंद बघेल बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने देश की आजादी के समय महात्मा गांधी जी के साथ छुआछुत का समाज में विरोध किया। डॉ. बघेल ने छुआछुत पर नाटक लिखकर कलाकार के रूप में काम भी किया। समाज के कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलन्द की। डॉ. खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़ के पहले स्वप्नदृष्टा थे। छत्तीसगढ़ के लिए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे एक कुशल संगठक, चिकित्सक, किसानों के हितैषी, सहकारिता आंदोलन के अग्रणी, लेखक और अच्छे कलाकार भी थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया। उनकी मां और पत्नी भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहीं। देश की आजादी का समय हमारे राष्ट्र के नवनिर्माण का काल था। उस समय यह प्रश्न था कि एक नए भारत में छत्तीसगढ़ को भारत के नक्शे पर कैसे उभारा जाए। छत्तीसगढ़ के लोगों के जो सवाल हैं उनका समाधान कैसे ढूंढा जाए। डॉ. खूबचंद बघेल ने कहा कि इन सभी सवालों का एक ही समाधान है और वह यह कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बने। छत्तीसगढ़ बनने में कई महापुरुषों ने अपना योगदान दिया और हमें आज यह नया राज्य मिला है।

#### समाज को दिशा देने का काम सभी क्षेत्रों में हो : ताम्रध्वज साहू

समारोह के विशिष्ठ अतिथि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाजिक संगठन के माध्यम से हर क्षेत्र में हस्तक्षेप किया जा सकता है। समाज को दिशा देने का काम सभी क्षेत्रों में होना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचन्द बघेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए बातों को नई पीढ़ी को हस्तांतरित करना है। सांसद श्री विजय बघेल ने डॉ बघेल के स्वप्न के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में सभी का आह्वान किया। विधायक देवेन्द्र यादव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक अरूण वोरा, भिलाई महापौर नीरज पाल, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, पूर्व महापौर नीता लोधी आदि उपस्थित रहे।

#### समाज के विशिष्ठजनों व विद्यार्थियों का सम्मान

समारोह में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक डॉ. लाखेशचंद्र मड़रिया को समाज की ओर से माटीपुत्र सम्मान और बीएसपी से सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को तथा समाज के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। कुमारी किरण वर्मा, कुमारी यमुना चक्रधारी को नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रेरणा सम्मान 11 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने कर कमलों से डॉ. मढ़रिया को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया। समारोह में वाद्य संगीत मार्गदर्शिका पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

कुमारी प्रांजलि विनायक ने मुख्यमंत्री को खुद के द्वारा बनाये मुख्यमंत्री का फोटो भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समाज के अध्यक्ष कोमल धुरन्धर को भी सेवानिवृत्ति सम्मान प्रदान किया।

#### पुरखों की उम्मीदों को पूरा करने का कर रहे हैं काम

सीएम बघेल ने कहा कि राज्य बनने के बाद हमारे पुरखों की जो उम्मीदें थी हम उन्हीं उम्मीदों को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की जड़ता को सुधारने के लिए कोई न कोई सामने आता है, जो काम करता है समाज में उसको याद किया जाता है। डॉ खूबचन्द बघेल भी ऐसे व्यक्तिव में से एक है। उन्होंने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जगाने का काम किया। उनका सोच बहुत विस्तृत था। छत्तीसगढ़ राज्य की सोच भी इसमें शामिल रहा। आज छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीगसढ़ियों को सही मायने में राज्य बनने का अहसास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शराब बंदी समाजिक जागरूकता से ही सम्भव हो सकता है। अन्य नशाबंदी के लिए भी प्रयास होना चाहिए।

## निगम क्षेत्र में घूमने वाले मवेशियों की हुई धरपकड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आज नेशनल हाईवे सहित मुख्य सड़कों से 27 आवारा पशुओं को पकड़ा गया। निगम क्षेत्र में अवाारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए भिलाई निगम की टीम सभी जोन क्षेत्रों में तिथि वार आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है।

आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निर्देश दिए हैं। रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशी को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे गौठान में छोड़ा जा रहा है। भिलाई निगम की टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों के किनारे घूमने वाले मवेशियों को टारगेट करते हुए नेशनल हाइवे, मार्केट, सर्विस रोड, सार्वजनिक स्थान, तथा जीई रोड के किनारे चलने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ रही है। आज सेंटल एवेन्यू, खुर्सीपार गुरुद्वारा क्षेत्र, नेशनल हाईवे एवं मुख्य सड़कों से पशुओं को पकड़कर गौठान भेजा गया। आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों एवं मार्केट में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। विशेष अभियान में निगम क्षेत्र के वार्डों से आवारा मवेशी पकड़ने योजना बनाकर कार्य कर रहे है। सभी क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसी के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है।

## एमए छत्तीसगढ़ी की डिग्री पर मिलेगी नौकरी मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा से हर्ष

### चिन्हारी साहित्य समिति ने 18 जुलाई को सौंपा था ज्ञापन, मांग पूरी होने पर पारकर ने जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को राजधानी रायपुर में युवाओं से संवाद करते हुए एमए छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई करने वाले युवाओं के लिए भर्ती शुरू करने की घोषणा की है। बघेल की इस महत्वपूर्ण घोषणा के प्रति हर्ष जताते हुए चिन्हारी साहित्य समिति भिलाई ने आभार व्यक्त किया है। समिति के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ी साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा को छत्तीसगढ़ी भाषा के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर बताया है।



पारकर ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 5 दिन पहले ही 18 जुलाई को संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद के साथ मिल कर समिति की ओर से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सौंपा था। इस दौरान संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत भी उपस्थित थे। इस ज्ञापन में उन्होंने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर एक विषय छत्तीसगढ़ी रखने और एमए (छत्तीसगढ़ी) पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग की थी।

वहीं एमए (छत्तीसगढ़ी) की पढ़ाई कर चुके युवाओं के लिए सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी और व्याख्याता के पद पर शासकीय नियुक्ति की भी मांग की गई थी। पारकर ने बताया कि इस पर मुख्यमंत्री बघेल ने गंभीरतापूर्वक विचार करने आश्वासन दिया था। इसके बाद अब रविवार को मुख्यमंत्री बघेल ने इसकी घोषणा भी कर दी है। उल्लेखनीय है कि दुर्गा प्रसाद पारकर के प्रयासों से ही रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में एमए (छत्तीसगढ़ी) पाठ्यक्रम शुरू हो पाया है। पारकर चाहते हैं कि समूचे छत्तीसगढ़ में स्नातकोत्तर स्तर पर छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम शुरू हो। इसलिए वह प्रयासरत हैं।

## टेनिस कॉम्पलेक्स में चैंपियनशिप का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एवं ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस टूर का आयोजन 15 से 20 जुलाई तक बीएसपी टेनिस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर में किया गया। स्पर्धा के अंतिम दिन विभिन्न वर्गों के फाइनल मैच खेले गए। विजेताओं को राज्य टेनिस संघ के सहसचिव रुपेंद्र सिंह चौहान ने पुरस्कृत किया। 40 प्लस सिंगल्स के फाइनल में अमित कीर्ति तिलक, सुरेंद्र आलम को 6-1, 6-1 से हराकर विजेता बने।

45 प्लस सिंगल्स फाइनल में अजय नेवारे ने दिलीप मोहंती को संघर्ष पूर्ण मैच में 7-5, 7-5 से हराया। 50 प्लस सिंगल्स फाइनल में आरवीआर के रंगाराव, तुलसी वेंकट नेट्रेम को 6-3, 6-0 से हराकर विजेता बने। वहीं 65 प्लस सिंगल्स फाइनल में मुरथाटी सुरेश ने सुरेश अल्पाटी को 6-3, 6-0 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। डबल्स में रंगाराव व कपाड़िया और सुरेश-रविंद्र जीते: इधर डबल्स 50 प्लस वर्ग के फाइनल में आरवीआर के रंगाराव व गौरव कपाड़िया की जोड़ी ने छग के विक्रम सिंह सिसोदिया व सुनील सुराणा को 6-0, 6-3 हराया और विजेता बने।




डबल्स 40 प्लस में अमित कीर्ति तिलक व प्रफुल्ल अरजरिया ने रमेश वेंकट नेट्रेम व सुरेन्द्र आलम को 6-1, 6-1 से हराकर खिताब जीता। 65 प्लस डबल्स में सुरेश अल्पाति व रविंद्र नाथ नायर की जोड़ी को योगेश शाह व राजेश कुमार से वॉक ओवर मिला और विजेता बने। टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर राजेश पाटिल, रूपेंद्र सिंह चौहान रहे। विजेता खिलाड़ियों को फेडरेशन के पदाधिकारियों ने पुरस्कार दिया।

## खुर्सीपार में वार्डवासियों ने पौधे लगाए, एक हजार से ज्यादा पौधे लगाने का लिया संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** संस्था आर्टकॉम का अभियान हर आंगन एक पेड़ का कार्यक्रम रविवार को वार्ड-42 खुर्सीपार में आयोजित किया गया। इस दौरान आर्टकॉम से सदस्यों ने पौधरोपण किया। संस्था के निशु पांडेय ने बताया कि खुर्सीपार के सैकड़ों लोगों के साथ पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

वार्ड के लोगों को 1 हजार पौधे लगाने का और घर-घर पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया, ताकि खुर्सीपार क्षेत्र को भी सेक्टर क्षेत्र जैसे बनाया जा सके। इस अवसर पर पार्षद विनोद सिंह, प्रकाश यादव, शेखर, हैप्पी सिंह, आजाद, गिरी साहू, वीनू कंचन, आकाश, रामप्रसाद उपस्थित थे।



## भाजपा की संभाग स्तरीय मीडिया कार्यशाला संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग संभाग स्तरीय एकदिवसीय मीडिया कार्यशाला जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुई आयोजित कार्यशाला में प्रमुख रूप से दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ,प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में दुर्ग संभाग के दुर्ग,भिलाई ,बेमेतरा, बालोद, कवर्धा ,मानपुर - मोहला, खैरागढ़ -छुईखदान- गंडई, राजनांदगांव के जिला मीडिया प्रभारी सहप्रभारी, विधानसभा के प्रभारी सह प्रभारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के द्वारा मीडिया से संबंधित विभिन्न विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।




इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मीडिया विभाग सतत क्रियाशील है लगातार पार्टी संगठन के कार्यक्रम के कवरेज के साथ-साथ संगठन के वरिष्ठ नेताओं के विभिन्न विषयों पर किए गए प्रतिक्रिया भी आप लोगों के द्वारा बनाई जाती हैं आप सभी लगातार इस पर कार्य कर रहे हैं आज की इस कार्यशाला के माध्यम से आप अपनी कलम को और पैनी करले और केंद्र सरकार के जनहित कारी योजनाएं एवं उनके द्वारा किए गए विकास कार्य को तथा प्रदेश सरकार की कारगुजारीओ को उजागर करें।

दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी की आंख और कान मीडिया विभाग और सोशल मीडिया विभाग है इसके माध्यम से पार्टी के विभिन्न विषयों से हम अवगत होते हैं आप सभी और अधिक तीव्रता के साथ काम करते हुए इस आताताई ठगबाज भूपेश बघेल सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें ।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने इस अवसर पर कहां की सभागार में उपस्थित सभी मीडिया के कार्यों को भली-भांति वाकिफ है पूर्व कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिसमें और पैना बनना होगा प् जिला का विधानसभा के मीडिया प्रभारियों से संवाद लगातार बने रहे इसका चिंतन आप सभी कर ले आपसी संवाद से जिले के मुद्दे विधानसभा के मुद्दे मीडिया के माध्यम से आप सभी को पहुंचना है प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार ने ऐसे कई भ्रष्टाचार के कार्य की है जिसे आप सभी मिलकर उजागर करें आप सभी से मैं आहवान करता हूं कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में गिलहरी की तरह अपनी भूमिका निभाएं आयोजित बैठक में मीडिया पैनलिस्ट के एस चौहान,निश्चल वाजपेयी, राहुल योगराज टिक रिहा, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, निशा चौबे, जसबिंदर बग्गा, राकेश यादव, अमर लालवानी ,सह मीडिया प्रभारी राकेश दुग्गड, रंजीत सिंह ठाकुर ,शुभम गुप्ता, धनराज साहू , प्रवीण यदू , रजनीकांत पांडे सह प्रभारी भिलाई नगर, प्रणय दीवान सह प्रभारी नवागढ़,विवेक वैष्णव सह प्रभारी बालोद, मदन सेन मीडिया सहप्रभारी वैशाली नगर, अविनाश त्रिपाठी अमरलालवानी, अमित पाहुजा, धनराज साहू, भास्कर तिवारी जिला मीडिया, प्रभारी किसान मोर्चा दुर्ग शैलेंद्र मिश्रा, विधानसभा प्रभारी खैरागढ़, सनी यादव प्रभारी खैरागढ़, प्रवीण कुमार यादव मीडिया प्रभारी दुर्ग- ग्रामीण विधानसभ गौतम निरंकारी, भास्कर तिवारी रहे।

## यूको बैंक द्वारा आयोजित नराकास स्तरीय प्रतियोगिता में सत्यवान नायक प्रथम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई दुर्ग के तत्वधान में यूको बैंक द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नराकास स्तरीय चित्र वर्णन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग भिलाई के 50 से अधिक संस्थानों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित चित्र दिया गया था, इस चित्र को देखकर प्रतिभागी द्वारा चित्र में दिखाए गए विषय का वर्णन करते हुए आलेख लिखने को कहा गया। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक व वरिष्ठ साहित्यकार सत्यवान नायक ने चित्र वर्णन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट आलेख प्रस्तुत करते हुए नराकास स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर भिलाई इस्पात संयंत्र का नाम रोशन किया है। यूको बैंक के सेक्टर-1 शाखा में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। विदित हो कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी सत्यवान नायक अब तक 700 से अधिक पुरस्कार जीत चुके हैं इसमे कई अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय पुरस्कार शामिल हैं। उनकी रचनाएं देश की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है। श्री नायक द्वारा इस्पात उद्योग में सुरक्षा तथा इस्पात उद्योग में पर्यावरण पर लिखी दो तकनीकी पुस्तकें भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत की गई हैं।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950